कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 370, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 05 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### एफपीओ पहले भी वापस हुए, इससे देश की छवि बेअसर, सेबी स्वतंत्र रूप से जांच कर रही

## 'अडाणी विवाद से देश की छवि बेअसर'

**नई दिल्ली/मुंबई:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पेश केंद्रीय बजट में आर्थिक वृद्धि पर ध्यान दिया गया है। बजट में जो प्रस्ताव लाए गए हैं, उससे राजकोषीय मजबूती और वृद्धि के साथ समावेशी विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक स्थिति अच्छी है। वित्त मंत्री ने एक फरवरी को बजट पेश करने के बाद मुंबई में शनिवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह बातें कहीं। सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पेश बजट में मुख्य ध्यान आर्थिक वृद्धि पर केंद्रित किया गया है। अडाणी समूह के मामले में पूछे गए सवाल पर वित्त मंत्री ने कहा कि आरबीआई पहले ही इसको लेकर जबाव दे चुका है। देश की एजेंसियां अपना काम बखूबी कर रही हैं। वहीं, अडाणी एंटरप्राइजेज के 20 हजार करोड़ रुपये के फॉलोऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) को वापस लेने के फैसले से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि पहले भी ऐसा हुआ है। वित्त मंत्री ने बजट के बाद की शंकाओं और सवालों के जवाब देने के अलावा अडाणी एंटरप्राइजेज के एफपीओ से जुड़े सवालों पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। सीतारमण ने बीमा क्षेत्र पर लिए गए फैसले के बारे में कहा कि सरकार ने इंश्योरेंस कवर के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाने का प्रयास किया है। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि सरकार को ये भी देखना है कि सिर्फ टैक्स बचाने के लिए लोग इंश्योरेंस को जरिया न बना लें। इसको रोकने के लिए 5 लाख रुपये से ज्यादा पर टैक्स की बात की गई है। सीतारमण ने कहा कि दो टैक्स सिस्टम के जरिए सरकार लोगों को ज्यादा एवं बढ़िया विकल्प दे रही है। लोगों को टैक्स बचाना है तो वो पुराने टैक्स सिस्टम को छोड़ सकते हैं और नए टैक्स सिस्टम में आ सकते हैं। उन्होंने वृद्धि सुनिश्चित करने का पूरा श्रेय देश की जनता को दिया। उन्होंने कहा कि देश को दूसरी सबसे तेज वृद्धि करने वाली अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कोरोना महामारी के बीच सरकार के लाए गए राहत और नीतिगत कदमों को लोगों ने तत्परता से स्वीकार किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इच्छा थी कि उच्च सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को जारी रखा जाए। इसको देखते हुए उन्होंने 10 लाख करोड़ रुपये के उच्च परिव्यय का प्रस्ताव बजट में रखा है। दरअसल पिछले 3-4 साल से बजट पेश होने के बाद वित्त मंत्री देशभर में जाकर बजट आउटरीच कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों के बजट पर प्रश्नों का जवाब देती हैं।



### दो दिन में 8 बिलियन डॉलर विदेशी मुद्रा भंडार

**वित्त** मंत्री ने कहा कि तथ्य यह है कि पिछले 2 दिनों में हमारे पास विदेशी मुद्रा भंडार 8 बिलियन डॉलर आया है। यह साबित करता है कि भारत और इसकी ताकत के बारे में धारणा बरकरार है।

देश का बैंकिंग सिस्टम मजबूत और स्थिर: इससे पहले पइकने शुक्रवार को कहा था कि देश का बैंकिंग सिस्टम मजबूत और स्थिर है। आरबीआई ने कहा कि वह लगातार बैंकिंग सिस्टम की निगरानी कर रहा है। आरबीआइ ने कहा कि उसके पास बड़े कर्जों से संबंधित सूचनाओं का केंद्रीय संग्रह डेटाबेस प्रणाली है, जहां बैंक अपने 5 करोड़ और इससे अधिक के कर्ज की जानकारी देते हैं। इस जानकारी का इस्तेमाल निगरानी के लिए किया जाता है। हालांकि, आरबीआई ने अपने बयान में अडाणी ग्रुप का नाम नहीं लिया। बैंकों और बीमाकर्ताओं का जोखिम सीमा से बाहर नहीं: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कहा कि बैंकों और बीमाकर्ताओं का जोखिम "तय लिमिट" के अंदर था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि एलआई और एसबीआई दोनों ने ही अडाणी ग्रुप के लिए कुछ स्पेशल व किसी सीमा से बाहर नहीं किया है।

### जेपीसी या सुप्रीम कोर्ट पैनल करे जांच: विपक्ष

**अडाणी** ग्रुप में एसबीआई और एलआईसी का पैसा लगाने के मुद्दे पर लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही लगातार दूसरे दिन स्थगित करनी पड़ी। विपक्ष इसकी जांच जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी या सुप्रीम कोर्ट के पैनल से कराने की मांग कर रहा है। इस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश का शेयर मार्केट नियमों के मुताबिक चल रहा है। अडाणी के बिजनेस विवाद की वजह से निवेशकों का भरोसा डगमगाने की आशंका नहीं है।

लोगों की मेहनत का पैसा अडाणी को दिया गया: विपक्ष

सरकारी बैंक एसबीआई ने अडाणी ग्रुप को 21.38 हजार करोड़ रुपए का लोन दिया है। वहीं, फाइनेंस और इंश्योरेंस कंपनी एलआईसी ने पिछले कुछ साल में अडाणी ग्रुप में 30,127 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट किया है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने से पहले एलआईसी का ग्रुप के शेयरों से प्रॉफिट 81,000 करोड़ रुपए था, जो 2 फरवरी को 43,000 करोड़ रुपए रह गया। विपक्षी नेताओं का कहना है कि शेयर बाजार का यह अमृतकाल का सबसे बड़ा महाघोटाला है।

## कश्मीरी पंडितों को लेकर राहुल का पीएम को पत्र

**नई दिल्ली**

राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के आखिरी दिन 30 जनवरी को श्रीनगर में थें। तब कश्मीरी पंडितों के एक डेलिगेशन ने उनसे मुलाकात की थी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दो पन्नों की चिट्ठी लिखी है। राहुल गांधी ने इसमें कश्मीरी पंडितों की समस्याओं के बारे में बताया है। उन्होंने लिखा कि जम्मू-कश्मीर में टारगेट कीलिंग के बीच कश्मीरी पंडितों को घाटी में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। साथ ही उप-राज्यपाल (मनोज सिन्हा) जी द्वारा उनके लिए 'भिखारी' जैसे शब्दों का प्रयोग गैर-जिम्मेदाराना है। उन्होंने प्रधानमंत्री से कश्मीरी पंडितों की चिंताओं को दूर करने के लिए उचित कदम उठाने की अपील की। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल अपनी दादी इंदिरा गांधी के बारे में बात कर रहे थे।



### सपा कार्यालय के बाहर लगा 'ब्राह्मण विरोधी है बीजेपी' का पोस्टर

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के राजधानी लखनऊ स्थित कार्यालय के बाहर रामचरितमानस से जुड़ा एक पोस्टर लगाया गया है। पोस्टर के जरिए भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए बीजेपी को ब्राह्मण विरोधी बताया गया है। समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर शनिवार को पूर्व सपा नेता अवधेश शुक्ला द्वारा एक पोस्टर लगाया है। पोस्टर पर लिखा है 'गर्व से कहो हम ब्राह्मण हैं, लेकिन बीजेपी ब्राह्मण विरोधी है। हम रामचरितमानस का विरोध नहीं कर रहे हैं।

## ज्ञान जहां से भी आए, उसके लिए द्वार खुला रखें : योगी



**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की आध्यात्मिक व धार्मिक परंपरा का हृदय स्थल है और इसका प्रतिनिधित्व देश व दुनिया के सामने करता है। उन्होंने कहा कि भारत ने वैश्विक मंच पर दुनिया को जो नेतृत्व दिया है, उसमें जिस क्षेत्र को हम विस्मृत कर देते हैं, वह शिक्षा का क्षेत्र है। इस क्षेत्र में भारत विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित था और यूपी उसकी आधार भूमि थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यहां हायर एजुकेशन कॉन्क्लेव में शामिल हुए। सीएम ने कॉन्क्लेव से ठोस परिणाम आने की भी उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि भारतीय मनीषा ने जब उद्घोष किया होगा कि आनो भद्रा क्रतवो यन्तु विश्वत, वह प्रेरणा थी कि ज्ञान जहां से भी आए, उसके लिए द्वार खुला रखो। 2020 में जब दुनिया कोरोना से त्रस्त थी, तब भी इस बात का अहसास आया होगा। उस समय पीएम मोदी ने देश को राष्ट्रीय शिक्षा नीति देकर पुरातन शिक्षा के क्षेत्र में विश्व गुरु होने के अहसास को प्रस्तुत किया। यूपी जैसे राज्यों में इस कॉन्क्लेव से ऐसे कार्यक्रम को भी बढ़ा सकते हैं। सीएम ने कहा कि हम समाज की जिम्मेदारियों से भाग नहीं सकते। मंत्री हो या आमजन, सबके लिए एक ही एक्ट व व्यवस्था है। हमारे पास अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर, फैकल्टी, डिजिटल लाइब्रेरी हो और अच्छा माहौल विश्वविद्यालय को दें, लेकिन ध्यान रखें कि भारतीय मूल्यों व आदर्शों से भटकाव की नौबत न आए। ध्यान रहना चाहिए कि ऐसे कोई कार्य न हो कि कैंपस में राष्ट्रीयता से विपरीत नई धारा को जन्म मिले।

## बीजेपी सरकार में बढ़ता जा रहा है अन्याय : अखिलेश यादव



**मुरादाबाद: जब** से बीजेपी की सरकार आई है अन्याय लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रशासन बीजेपी के इशारे पर काम कर रहा है। कई जगहों पर उनका कार्यकर्ता बनकर काम कर रहा है। मेरे एक पूर्व प्रत्याशी को कल रात पुलिस पकड़ कर ले गई और अब कोई फोन नहीं उठा रहा है। यह आरोप समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को मुरादाबाद में प्रेसवार्ता कर कही। अखिलेश ने कहा कि बीजेपी सरकार में अन्याय चरम पर है और लोगों को बेवजह परेशान किया जा रहा। सपा के लोगों पर झूठे केस लिखे गए। आजम खान पर झूठे केस दर्ज किए गए। बीजेपी सरकार में न्याय व्यवस्था बिगड़ी है। कानून अलग-अलग नहीं हो सकता। भ्रष्ट अफसरों पर कार्रवाई नहीं होती। प्रशासन के लोग बीजेपी के एजेंट हैं। सरकार ने अपनी विदाई का बजट पेश किया। भेदभाव, ऊंच-नीच खत्म होना चाहिए। ये लड़ाई अभी बहुत लंबी चलने वाली है। मुरादाबाद जनपद दौरे पर पहुंचे सपा अध्यक्ष ने गौतम अडानी का बिना नाम लिए भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मैं भाजपा से पूछना चाहता हूं कि एलआईसी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और ना जाने कितनी संस्थाओं में जो पैसा है उसे आपने अपने सबसे पसंदीदा उद्योगपति को दे दिया। आज कई लाख करोड़ रुपये का घाटा हो गया है। क्या अधिकारियों को जेल भेजा जाएगा? आम लोगों का पैसा चला गया और सरकार कहती है कि हम निवेश लाएंगे।

## सोरेन सरकार सबसे भ्रष्ट सरकार: शाह



**देवघर:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवरघर में अपने दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को यहां पहुंचे। अमित शाह ने यहां विजय संकल्प महारैली में झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधा। हालांकि, अपने दो दिवसीय दौरे की शुरूआत उन्होंने बाबा बैद्यनाथ के दर्शन और पूजा के साथ की। इसके बाद उन्होंने देश के पांचवे नैनो तरल यूरिया संयंत्र का शिलान्यास देवघर में किया। गृह मंत्री अमित शाह ने नैनो तरल यूरिया संयंत्र के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देवघर की इस भूमि और बाबा के चरणों में मेरा सादर प्रणाम। यहां के कंकर-कंकर में शंकर का वास है। जय जोहार। इसके बाद शाह ने कहा कि विश्व में सबसे पहले तरल नैनो यूरिया बना कर इफको ने एक बहुत बड़ा काम किया है।

देवघर की इस पवित्र भूमि पर बना ये कारखाना पूरे संथाल परगना का विकास सुनिश्चित करेगा। इस संयंत्र से सालाना छह करोड़ नैनो यूरिया की पांच सौ ग्राम वजन वाली बोटल का निर्माण होगा। यह पूर्वी भारत के बिहार, बंगाल, उड़ीसा और झारखंड के किसान के खेत में उत्पाद बढाने में सहयोग करेगा। शिलान्यास कार्यक्रम से लौटने के बाद शाह ने विजय संकल्प महारैली में हुकांर भरी। केंद्रीय गृह मंत्री देवघर में आयोजित विजय सकंल्प महारैली में झारखंड सरकार पर जमकर हमला बोला है। शाह ने कहा कि भारत में अगर कहीं सबसे ज्यादा भ्रष्ट सरकार है तो वो झारखंड में है... कोई मंत्री-मुख्यमंत्री बनता है तो हाथ से करप्शन करता है।

## जम्मू-कश्मीर के डोडा में 21 घरों में दरार आई

**जम्मू:** उत्तराखंड के जोशी मठ जैसी आपदा जम्मू-कश्मीर में आई है। जम्मू के डोडा में जमीन धंसने से 21 घरों में दरार आ गई हैं। सूचना पर पहुंचे थथरी के एसडीएम ने आपदा से पीड़ित लोगों को सुरक्षित जगहों पर ले जाया गया। घटना के कारणों की जांच के लिए जियोलाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की टीम भी पहुंच गई है। डोडा के जिलाधिकारी अतहर अमीन ने बताया कि जिले में दिसंबर में कुछ घरों में दरारों की सूचना मिली थी। गुरुवार तक छह इमारतों में और दरारें आ गई हैं। ये बढ़ती जा रही हैं। सरकार को इसकी जानकारी दे दी गई है। क्षेत्र दरक रहा है। जोशीमठ के घरों में दरारें आने के



बाद लोगों ने आंदोलन की चेतावनी दी। इसके बाद प्रशासन की तरफ से इंजीनियर्स और अफसरों की 5 सदस्यीय टीम ने दरारों की जांच की। इसके बाद जोशीमठ के घरों में दरारें बढ़ती रहीं, जब हालात ज्यादा बिगड़ गए तो राज्य और केंद्र सरकार ने इस ओर ध्यान दिया। करीब 500 घरों और इमारतों में दरारें आने से लोगों में डर बढ़ गया।

## चौपाल आयोजित कर सरकार जा रही जनता के द्वार : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ: उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में आज लखनऊ के सरोजिनी नगर विकासखंड के ग्राम हरौनी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया । इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र, वितरित किए, बीसी सखियों को ड्रेस का वितरण किया तथा निपुण भारत कार्यक्रम के तहत चयनित छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम चौपाल गांव गरीब के विकास का आधार बन रही हैं। चौपाल आयोजित कर सरकार जनता के द्वार जा रही है और गांव की समस्या का गांव में ही समाधान किया जा रहा है, जो समस्यायें गांव में तत्काल निस्तारण सम्भव नहीं हो



पाता है , उन्हें निर्धारित समय सीमा में निस्तारण के निर्देश दिए जा रहे हैं। कहा कि डबल इंजन सरकार जनकल्याण के लिए समर्पित है । हम आत्मनिर्भर ग्राम बनाएंगे ,तभी आत्मनिर्भर भारत बनेगा। श्री मौर्य ने कहा कि प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए ।मोटे अनाजों का उत्पादन करने पर विशेष जोर दिया जाए ।हर व्यक्ति की आमदनी बढ़ाने का प्रयास हो रहा है ।गरीबों के जीवन में खुशहाली लाने के सरकारी प्रयासों में जनता भी सहयोग दें ।सरकार व समाज को मिलकर देश व प्रदेश का विकास करना है ।गांव गरीब के विकास की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाएं जाए। जोर देते हुए कहा कि अतिक्रमित तालाबों को खाली कराया जाए , भूमाफिया कब्जा किये हो और आसानी से खाली न करें तो कठोर कार्रवाई की जाय। गरीबों को मौका देकर उनके रहने के वैकल्पिक प्रबंध किए जांय। चक मार्गों को अभियान चलाकर खाली कराया जाए । उपमुख्यमंत्री ने कहा देश में 80 करोड़ लोगों को तथा प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत राशन वितरण किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण ,प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केंद्रीय बजट में बढ़ोतरी की गई है।

### 6 फरवरी को पीएम राष्ट्र को सौंपेंगे, 20 साल में बनाएगी 1000 से अधिक हेलिकॉप्टर

## एशिया की सबसे बड़ी हेलिकॉप्टर फैक्ट्री बनकर तैयार

**तुमकुरु:** एशिया की सबसे बड़ी हेलिकॉप्टर फैक्ट्री बनकर तैयार हो गई है। 6 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक के तुमकुरु में एचएएल की हेलिकॉप्टर फैक्ट्री देश को सौपेंगे। यह ग्रीनफील्ड हेलीकॉप्टर कारखाना है, जो हेलीकॉप्टर बनाने की क्षमता और इको-प्रणाली को बढ़ाएगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यहां अगले 20 साल में 4 लाख करोड़ के कारोबार के साथ 1000 से अधिक हेलिकॉप्टर बनेंगे।

**हर साल बनेंगे 30 हेलिकॉप्टर:** 615 एकड़ में बनी यह फैक्ट्री शुरूआत में लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एचएएल) का उत्पादन करेगी। एचएएल स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित 3-टन वर्ग का सिंगल इंजन वाला हेलिकॉप्टर है। शुरूआत में इस फैक्ट्री में हर साल करीब 30 हेलिकॉप्टर बनाए जाएंगे। फिर हर साल इसकी क्षमता को 60 से 90 हेलिकॉप्टर की दर से बढ़ाया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि एचएएल का उड़ान परीक्षण हो चुका है।



**कर्नाटक के 6000 लोगों को मिलेगा रोजगार:** एचएएल के बाद यहां लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (छउल) और इंडियन मल्टीरोल हेलीकॉप्टर ( एचएएल) का निर्माण करने की भी योजना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस फैक्ट्री से प्रदेश के करीब 6000 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा फैक्ट्री शुरू होने से आसपास के इलाकों में भी विकास होगा। 6 फरवरी को ही पीएम बैंगलुरु में भारत ऊर्जा सप्ताह 2023 का उद्घाटन करेंगे।

## मोदी सरकार ने दिए हिमाचल में रेल विकास के लिए बजट में 1838 करोड़: अनुराग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्रीय बजट 2023-24 में हिमाचल प्रदेश रेल परियोजनाओं के विस्तार के लिए 1838 करोड़ रुपये का प्रावधान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार हिमाचल प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने वित्त वर्ष 2023 - 24 के लिए हिमाचल प्रदेश में रेलवे विस्तार के लिए 1838 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। सामरिक महत्व की भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी रेल लाइन के लिए 1000 करोड़ ,चंडीगढ़-बद्दी रेललाइन को 450 करोड़ रुपये, नंगल- तलवाड़ा रेल लाइन के लिए 452 करोड़ रुपए वर्ष 2023-24 के बजट में मंजूर किए गए हैं। रेल विस्तार के लिए 1838 करोड़ रुपये की यह मंजूरी यूपीए शासन काल के वर्ष 2009 - 2014 से 17 गुना ज्यादा है । यह आंकड़ा अपने आप में दशार्ता है की मोदी सरकार हिमाचल प्रदेश में चालू रेल विस्तार परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने की दिशा में वचनबद्ध है।

आगे बोलते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भानुपल्ली बिलासपुर परियोजना बिलासपुर बैरी से आगे लेह तक जाएगी।

## खबर संक्षेप

### करछना तहसील मुख्यालय पर लेखपाल को प्रधान ने पीटा

**करछना।** तहसील परिसर करछना के गेट पर लेखपाल नायाब अहमद को लिगदहिया प्रधान एवं भटेरवा प्रधान का भाई द्वारा लेखपाल को तहसील गेट के सामने रोककर मारपीट की और लेखपाल का सरकारी दस्तावेज भी छीन रहे थे और धमकी दी कि तुमको जान से मार दूंगा। लेखपाल ने बताया कि नाली की और रास्ते की नाप को लेकर नाराज जबकि टीम ने नायब तहसीलदार के नेतृत्व मे नाली की नाप की थी और नाली के अवैध निर्माण को रोक दिया था जिससे रोकडी प्रधान के भाई और लिगदहिया गाव के प्रधान नाराज होकर मेरे साथ मारपीट और अबद्रता करते हुए सरकारी कार्य मे अवरोध उत्पन्न करते हुए घटना को अजाम दिया। वही लेखपाल ने इसकी जानकारी एसडीएम करछना नायब तहसीलदार करछना एवं तहसीलदार करछना को दी जिसपर एसडीएम ने थाना प्रभारी को मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया है ।

### ईशा पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

**फूलपुर।** फूलपुर विकास खण्ड के बाबूगंज स्थित ईशा पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं स्थापना दिवस पांच फरवरी को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल होंगे। उक्त आशय की जानकारी आरडी पाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक विजय पाल व प्रधानाचार्या नीलम पाल ने दी।

# झूंसी पुलिस ने हत्या के अभियोग में चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, आलाकत्ल हुआ बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर में दिनांक 30.01.2023 को अंकित अग्रवाल निवासी 6-ए पानदरीवा जानसेन गंज थाना कोतवाली जनपद प्रयागराज की हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना झूंसी में पंजीकृत मु0अ0सं0- 53/2023 धारा 302/ 34/ 120 बी भा0दं0वि0 से सम्बन्धित वांछित 04 अभियुक्तों 1.मनीष उर्फ भीम यादव पुत्र दिनेश यादव मूल निवासी दक्षिणी कोटवा विपार थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज हाल पता नैका महीन थाना झूंसी जनपद प्रयागराज को टीकरमाफी मोड़ थाना क्षेत्र झूंसी व 2. सुमित केसरवानी पुत्र ईश्वरचन्द्र केसरवानी निवासी नीबीकला थाना झूंसी जनपद प्रयागराज, 3.आकाश जायसवाल पुत्र संतोष जायसवाल निवासी नीबीकला थाना झूंसी जनपद प्रयागराज व 4. रोहित जायसवाल पुत्र अशोक कुमार जायसवाल समस्त निवासी नीबीकला थाना झूंसी जनपद प्रयागराज को अंदावा क्रासिंग थाना क्षेत्र झूंसी से गिरफ्तार किया गया।



गिरफ्तार अभियुक्त मनीष उर्फ भीम यादव के जेब से मृतक अंकित अग्रवाल का मोबाइल फोन व निशान देही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 लोहे का पाइप व हीटर के टुकड़े बरामद किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई की गयी। अभियुक्त मनीष उर्फ भीम यादव उपरोक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 29.01.2023 की रात्रि में तिवारी मार्केट में न्यू अग्रवाल के नाम से अंकित अग्रवाल की जूता चप्पल की दुकान है उसी मार्केट में पीछे से एक कमरे में अक्सर मैं और सुमित अंकित के यहा आते जाते थे और खाना पीना भी होता था रविवार का दिन होने के कारण दुकान बन्द थी तो शाम को अंकित मुझे मेरे घर लेने आये उसके बाद उसने सुमित केशरवानी निवासी नीबीकला को फोन करके बुलाया कि दुकान पर आओ सभी लोग पार्टी करते है और मुझे लेकर अंकित दुकान के पीछे वाले कमरे में आ गया थोड़ी देर बाद सुमित अपने साथियों आकाश जायसवाल व रोहित जायसवाल के साथ आया जिनके साथ हम लोग बैठकर शराब दारू की पार्टी किये और बाहर ठेले से बिरयानी व खाने पीने का सामान व पानी की बोतल मंगाया था जिसमें पैसे रुपए देने की बात को लेकर अंकित अग्रवाल की सुमित केशरवानी एवं उनके साथ में आये आकाश जायसवाल व रोहित जायसवाल जो सभी नीबीकला के निवासी है से मारपीट व विवाद हो गया तब अंकित हम सभी लोगों को गाली देने लगा और मुझसे बदत्तमीजी भी करने लगा तब हम सब लोग मिलकर एक राय होकर अंकित अग्रवाल को मारने लगे और कमरे में पड़े हुए स्टील का पाईप राड उठाकर मैं उसके सिर पर मार दिया तो वह वही पर गिर गया तब हम सभी लोग यह देखे कि अंकित मर गया है तो सुमित केशरवानी अपने दोनों साथियो के साथ वहा से अपने घर चला गया और मै भी उसके बाद निकल कर बाहर आया थोड़ी देर बाद मुझे लगा कि मुझ पर कोई शक न करें तो मै उसका मोबाइल लेने उसके कमरे में गया तो कमरे में पड़ा हुआ खाना बनाने वाला हीटर को उठाकर उसके सिर पर पटक दिया था जिससे अंकित अग्रवाल की मृत्यु हो गयी।

### तीन लाख का साबुन चोरी, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** टाटा मैजिक पर कानपुर से लाद कर 635 पेटी डिटाल साबुन लेकर आया मऊआइमा के जोगापुर एजेंसी के सामने खडी कर के तिरपाल एंव रस्सा से बांध कर चालक सो गया। सुबह उठा तो तिरपाल और रस्सा कटा था। तथा 635 पेटी तीन लाख कीमत का साबुन चोरी हो गया। चालक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बांकाजलालपुर निवासी मदन कुमार पुत्र रामनरेश के पास टा टा मैजिक का चालक है। मदन कुमार के अनुसार वह गांव सचेण्डी कानपुर से अपने वाहन पर 635 पेटी डिटाल साबुन जिसका मूल्य लगभग तीन लाख था। मदन कुमार के अनुसार वह मऊआइमा के अभिषेक एजेंसी के प्रोपराइटर गुलाब चन्द्र केसरवानी सुलतान खास जोगापुर फोर लेन पर रात लगभग ग्यारह बजे वाहन खड़ी कर के तिरपाल लगा कर रस्सा से कस कर बांध दिया। सुबह देखा तो रस्सा कटा था तिरपाल हटा था।वाहन पर लदा 635 पेटी डिटाल साबुन जिसका मूल्य तीन लाख था। अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। सघन तलाशने पर जब कहीं कुछ नहीं पता चला तो मदन कुमार ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। लोगों को आश्चर्य इस बात पर है कि जहां से साबुन चोरी हुई है वह स्थान जोगापुर मंडी के पास है जहां बुधवार और शनिवार को छोड कर प्रत्येक रात दिन वाहनों से सब्जियां उतरती है। सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहते हैं।

# वासंती और फाग गीतों का बदलता लोकरंग चिंतनीय : बेशरम

अखंड भारत संदेश



**करछना।** बदलते मौसम के साथ गुलाबी धूप मे निखरी प्रकृति की नूतन आभा के साथ ऋतुराज वसंत, वास्तव में प्रकृति का उल्लास पर्व है।मौसम मे बसे प्रीती रिती नीति अनुहार,मनुहार के लोगरंग वासंती छठा के बीच अपने समाज मे परंपरागत चर्चित रहे है।ऐसे मौसम मे होलिका लगाने,वसंती और फाग गीतों का लोकरग अब पहले जैसा नही रहा और धीरे धीरे सिमटता जा रहा है जो बहुत ही चितनीय है।लोककलाकारों को चाहिए कि अपने गांव चौपार और इस थाती को परंपरागत रूप को मंचो पर जीवंत करते हुए उल्लास पर्व के आन्नद से समाज को जोड़ें।यह बातें आकाशवाणी,दूरदर्शन कार्यक्रमो के प्रस्तोता और अवधी के चर्चित हास्य कवि अशोक बेशरम ने कही।उन्होने बताया कि वसंत पंचमी से शुरू होकर लगभग दो महीने तक चलने वाले वसंत और फगुआ गीतों का यह मनोहारी लोकरंग समाज को तार तार जोड़ता रहा है।बहे पुरवइया उडावै गरदी,मोरि देहिया भइल बा पीयर हरदी या फिर अमवा मे बौरा आए सखी,परदेशी बलमुआ न आए।जैसे गीत वसंत के शुरूआत से ही चर्चित रहे।इसके अलावा फाग, उलार, धमार, चहका, नारदी, बारहमासा, बैसवारा, झूमरि, बेलवरिया, बेलवार, ढाईताल, चौताल, ढेडताल चैता-चैती जैसे मौसमी गीतो मे अपने लोक संस्कृति गंवई परंपरा और मस्ती का आलम रचा बसा है। जहां कभी रोज शाम चौपालों में ढोल मजीरे के साथ फगुआरों की टोली जुट जाती थी।यही मौसमी गीत खेतों सिवानों घर आंगन तक गूजते रहे। आज की आपाधापी और बदलते दौर मे हमारे गाव समाज को चाहिए कि अपने बुजुर्गो की इस परंपरा को लेकर हमारी नई पीढी इसके प्रति जागरूक हो और अपने ऐसे गीतों को जीवंत रखते हुए अपने थाती और पहचान को बचाए रखे।

### हर हिंदुस्तानी को देश की एकता अखंडता भाईचारा बनाए रखना चाहिए : शेरवानी

**प्रयागराज।** हिन्दुस्तान में जन्मे हर हिंदुस्तानी को देश की एकता - अखण्डता और आपसी भाई चारा बरकरार रखने के लिए आगे आना होगा। उक्त उदगार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार माननीय सलीम इकबाल शेरवानी ने प्रयागराज के कान्हा श्याम होटल में आयोजितस्वागत एवं सम्मान समारोह में समाजवादी पार्टी एवं शेरवानी विकास मंच के कार्यकर्ताओं को संम्बोधित करते हुए किया । समाजवादी नेता मा. शेरवानी ने कहा हिन्दू - मुसलमान के नाम पर पूरे देश मे नफरत फैलानेवाली भारतीय जनता पार्टी के लोग और उनके नेता देश के किसान, मजदूर, बेरोजगार, छात्र, बेटी की सुरक्षा,और देश की गिरती हुई अर्थ व्यवस्था पर बात नही करना चाहते है । देश की जनता का मौजूदा समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिये तरह तरह के प्रोपगंडा करते रहते है लेकिन समाजवादी पार्टी किसी भी कीमत पर इन फिरकापरस्तों को उनके मकसद में कामयाब नही होने देंगे अडानी के मुद्दे पर श्री शेरवानी ने सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुई आरोप लगाया कि जीवन बीमा और स्टेट बैंक को अडानी ग्रुप का शेयर खरीदने के लिए सरकार ने मजबूर किया है यदि उपभोक्ताओं का पैसा डूबा तो उसके लिए मोदी सरकार जिम्मेदार होगी। श्री शेरवानी ने युवाओं का आवाहन करते हुए कहा कि युवाओं से रोजगार छिनने वाली, सरकारी संस्थाओं को निजी हाथों में बेचने वाली, सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेन्शन छिनने वाली, देश को धार्मिक उन्माद की आग में झोंकने की साजिश करने वाली किसान मजदूर विरोधी सरकार की उखाड़ फेंकने के लिए सभी को एकजुट होना पड़ेगा। स्वागत व सम्मान समारोह के संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी बब्बन दुबे व शेरवानी विकास मंच के अध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने मा.सलीम शेरवानी को चाँदी का मुकुट और अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया व एकावन किलो का माला पहनाकर स्वागत किया। अतिथि प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री वीरेन्द्र सिंह, पूर्व सांसद धर्मराज पटेल, पूर्व विधायक हाजी परवेज, विभागाध्यक्ष माननीय सुनीता, निवर्तमान जिलाध्यक्ष योगेश यादव, निवर्तमान महानगर अध्यक्ष इफ़्तेखार हुसैन, वरिष्ठ समाजवादी नेता तारिक सईद अज्जु, महबूब उस्मानी, रमाकान्त पटेल, सादिक हुसैन सिद्दीकी, रविन्द्र यादव को भी अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया। क्राईम प्रिवेंशन काउन्सिल ऑफ इंडिया एवं नारी उद्धार एवं विकास संस्था के लोगो ने भी माननीय शेरवानी जी का स्वागत किया।

# श्रम विभाग में भ्रष्ट्राचार,अपर श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश कानपुर आइएएस ने की जांच

**कोरांव।** उप श्रम आयुक्त प्रयागराज मंडल कार्यालय में शासन से हुई शिकायत पर शासन द्वारा जांच कमेटी गठित किए जाने पर जांच टीम ने विधिवत घंटों तक शिकायतकर्ता और अधिकारियों के मध्य बयान साक्ष्य लिए गए। बता दें कि डीएलसी प्रयागराज कार्यालय में पात्रों को सहायता न देकर अपात्रों को दिलाए जाने तथा जिसकी बेटी भी नहीं है उसको भी पुत्री विवाह अनुदान दिए जाने तथा सैकड़ों पात्र श्रमिकों की शिकायत विधायक कोरांव द्वारा शासन को लिखे गए पत्र के माध्यम से शासन ने अपर श्रमायुक्त उत्तर प्रदेश कानपुर सुरेंद्र सिंह आईएएस को जांच सौंपी गई थी। जिसमें श्री सिंह की टीम ने 4 फरवरी को डीएलसी कार्यालय प्रयागराज में शिकायतकर्ता महेंद्र सिंह यादव जिला अध्यक्ष हिंद मजदूर सभा ने अपना बयान और साक्ष्य जांच दल को दिया। आरोप है कि पूर्व डीएलसी ने डीएलसी कार्यालय प्रांगण में सागवन के वृक्ष मनमाने ढंग से कटवा कर ओने पौने दाम पर विक्रय कर दिया था जिसकी शिकायत श्रमिक प्रतिनिधि हिंद मजदूर सभा ने तथा प्रमोद शुक्ला समाजसेवी करछना की शिकायत पर 64 श्रमिकों के पुत्री विवाह

**श्रम विभाग के डीएलसी ऑफिस में शिकायत कर्ता के समक्ष लिए गए बयान साक्ष्य, कई समाज सेवियों श्रमिक प्रतिनिधियों ने की थी शिकायत**



अनुदान लाभ पात्रों को न देकर अपात्रों को सुविधा शुल्क ले ले कर लाभ दिलाये जाने का आरोप लगाया गया था,साथ ही क्षेत्रीय विधायक कोरांव के माध्यम से एक समाजसेवी की शिकायत पर करीब एक सौ पंजीकृत श्रमिकों का पुत्री विवाह अनुदान और मृत्यु दुर्घटना सहायता योजना तथा मातृत्व शिशु हित लाभ योजना आदि का लाभ पात्रों को न देकर सुविधा शुल्क लेकर अपात्रों को दिए जाने का आरोपो की जांच प्रमुख सचिव श्रम विभाग लखनऊ से शिकायत की थी ।जिसकी भी जांच महेंद्र सिंह यादव के पक्ष से विधिवत बयान साक्ष्य लिया गया है। इस संदर्भ में जांच अधिकारी सुरेंद्र सिंह आइएएस एवं उनकी टीम के सदस्य वीरेंद्र कुमार यादव एवं सोनू यादव 3 सदस्यीय टीम ने 15 दिन के अंदर जांच कार्यवाही का परिणाम दिखाने का आश्वासन दिया। और यह भी कहा कि जो भी दोषी पाया जाएगा उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।जिससे श्रम विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

## न्यूज झरोखा

### प्रो. रानू प्रसाद बनी शुआट्स की कार्यवाहक कुलपति प्रो. दीपक लाल बने कार्यवाहक कुलसचिव



**नैनी।** होम साइंस डिपार्टमेंट में प्रोफेसर और कार्यवाहक प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो रानू प्रसाद को शुआट्स का कार्यवाहक कुलपति बनाया गया। इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में प्रोफेसर और डीन पोस्टग्रेजुएट स्टडीज प्रो दीपक लाल को शुआट्स का कार्यवाहक कुलसचिव बनाया गया। प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी डॉ रमाकांत दुबे ने बताया की कुलपति प्रोफेसर राजेंद्र बी लाल के विशेष अवकाश पर जाने के कारण शैक्षिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालन हेतु प्रोफेसर रानू प्रसाद को शुआट्स का कार्यवाहक कुलपति बनाया गया है। वहीं कुलसचिव प्रो रोबिन एल प्रसाद के मेडिकल अवकाश पर होने के कारण प्रोफेसर दीपक लाल को कार्यवाहक कुलसचिव नियुक्त किया गया है।

### प्रबन्धक समेत प्रधानाचार्यों को किया गया सम्मानित



**नैनी।** भारतीय जनता पार्टी नैनी मण्डल की तरफ से शिक्षक एमएलसी चुनाव को ले कर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप मे डॉ बाबू लाल तिवारी की भारी जीत पर नैनी के विद्यालय के प्रभन्धक और प्रधानाचार्य का स्वागत और सम्मान कार्यक्रम का आयोजन काजीपुर के ज्ञान भारती इंटर कॉलेज मे किया गया जिसमें महानगर के अध्यक्ष गणेश केशरवानी द्वारा सभी का स्वागत किया गया। जिसने मुख्य रूप से प्रभन्धक राजेंद्र तिवारी भरत सिंह अनिल पांडेय अनिल श्रीवास्तव अनिल मिश्रा राजेश मिश्रा अनिल विश्वकर्मा शेष तिवारी रवींद्र शर्मा एसपी सिंह और शहर दक्षिणी के प्रभारी रवि कारण सिंह मण्डल संयोजक विनोद तिवारी मण्डल अध्यक्ष दिलीप केशरवानी का स्वागत किया गया कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से रणजीत सिंह ज्ञानेश्वर शुक्ला कार्यक्रम का संचालन नरसिंह पूर्व ज़िला अध्यक्ष महानगर युवा मोर्चा ज़िला संयोजक भाजपा श्रम प्रकोष्ठ राजन शुक्ला रवि मिश्रा राकेश जायसवाल वार्ड अध्यक्ष समर सिंह आकाश जायसवाल अतुल सिंह सेक्टर संयोजक श्याम मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### भाई की जमीन हडप कर दी गई जान से मारने की धमकी

**मऊआइमा।** भाई की जमीन को एक भाई और उनके पुत्रों ने हडप कर जान से मारने की धमकी दी। भुक्भोगी ने अपने सगे भाई और भतीजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना के लोकापुर विश्वानी गांव निवासी सन्त लाल यादव पुत्र स्वर्गीय जिया राम का आरोप है कि उसका कोई संतान नहीं है। वह निःसंतान है एक मात्र पुत्री पूजा है। सन्त लाल का आरोप है कि उसके भाई और भतीजों ने उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर उसकी सारी जमीन कब्जा कर लिए। संतलाल ने मऊआइमा थाने में अपने सगेभाई रामचन्द्र ,तथा भतीजे सुनील कुमार ,सुधीर कुमार ,सत्येन्द्र कुमार ,शैलेंद्र कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान ने कराया आयोजन

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान माघ मेला शिविर अरैल द्वारा कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों के साथ साथ मेला के प्रशासनिक अधिकारियों सहयोगी विभागों के कर्मचारियों सफाई कर्मियों एवं सरस्वती परिवार के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि रवीन्द्र कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक, सत्य नारायण पाल सेक्टर पर्यवेक्षक, विशिष्ट अतिथि सभा शंकर द्विवेदी एसएसआई संजय कुमार हंसराज सिंह एसआई राम मिलन यादव जल विभाग,मूल चंद विजली विभाग, आशुतोष त्रिपाठी जिला महामंत्री, संदीप गोस्वामी को अध्यक्ष संतोष तिवारी एवं संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया अतिथियों एवं संस्थान पदाधिकारियों द्वारा कवियों कवियित्रियों में बिहारी लाल अंबर, अजय प्रेमी, विपिन बिहारी त्रिपाठी,अमित




शर्मा,हुमा अकसीर, बृजेंद्र पाठक, श्रेया मिश्रा, अमन शास्त्री, सुशील शुक्ला 'हर्ष', सुधांशु शुक्ला, अली इलियास आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजक प्रबंधक सचिव- कुंवर जी तिवारी द्वारा सभी का उत्साहवर्धन किया गया एवं कार्यक्रम संयोजक- प्रभाकर तिवारी द्वारा कुशल मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम में मनीष पांडेय, सुनील मिश्रा, विकास मिश्रा,धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, महेश प्रसाद केसरवानी, सुनील कुशवाहा, ऋषि दीक्षित, प्रवीण तिवारी, अनिल विश्वकर्मा, सुशील श्रीवास्तव,वृजेश तिवारी, आशीष जायसवाल, दिलीप चन्द्र पाण्डेय, मुकेश गुप्ता, शिवम् पाण्डेय,नीरज यादव, विष्णु केसरी, अभिषेक शर्मा 'माला' सुनीता द्विवेदी, भारती भूषण, चंद्र भूषण, बब्रुवाहन सिंह, आत्म प्रकाश यादव, निखिलेश पाण्डेय, मंयक पाण्डेय, दिनेश यादव, बबीता जायसवाल,अनुराग पाण्डेय,ओम प्रकाश श्रीवास्तव, अंजली, तुलसी तिवारी,सौरभ यादव आदि उपस्थित रहे।

# एसडी पब्लिक स्कूल एंड कालेज में वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया

**मेजा।** मेजा क्षेत्र रामनगर विकास खण्ड उरूवा में एस0डी0 पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक यशवंत सिंह यादव ने सरस्वती के चित्र सम्मुख दिप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यालय के छात्र और छात्राओं ने जमकर धमाल मचाया। मुख्य अतिथि डॉक्टर मान सिंह सदस्य विधान परिषद समाजवादी पार्टी ने कहा विद्यालय प्रांगण में आकर मुझे खुसी हो रहा है। मेरा सौभाग्य हैं कि मैं आवरण करते हुए संस्कृति कार्यक्रम में भाग ले रहा हूँ। विधानपरिषद सदस्य ने कहा जीवन मे सफलता के प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत व अनुशासन बहुत जरूरी हैं। शिक्षा के मंदिर में शिक्षक पुजारी के समान तो विद्यार्थी उपासक के समान होता हैं। इसी कड़ी में मुख्य अतिथि संदीप सिंह पटेल विधायक समाजवादी पार्टी मेजा ने कहा ईमानदारी व निष्ठा से की जाने वाली मेहनत कभी बेकार नही जाता हैं। इसका परिणाम सदैव सुखदायी होता हैं। गुरुजनों का आदर व सम्मान के बिना मंजिल नही मिलता। इसी कड़ी में मुख्य



अतिथि श्रीमती विजमा यादव विधायक प्रतापुर समाजवादी पार्टी ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थाओं का अहम योगदान होता हैं। इन्होंने ने कहा अभिवावकों से बच्चों के शिक्षा के प्रति हमेशा जिम्मेदारी से रहना और ध्यान देने की जरूरत हैं। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालय के निर्देशक पंकज सिंह यादव, चेरमैन श्याम कृष्ण सिंह पप्पू यादव विधानसभा अध्यक्ष मेजा समाजवादी पार्टी, विजय राज सिंह यादव, और अध्यक्षता रामेश्वर प्रसाद शुक्ला शासकीय अधिवक्ता उ0 प्र0 सरकार ने किया। सभी का स्वागत और अभिनन्दन प्रधानाचार्य एवं समस्त विद्यालय परिवार ने किया। विद्यालय के प्रबन्धक संगीत नीरज सिंह यादव प्रधान रामनगर विकास खण्ड उरूवा ने कहा कि वार्षिक उत्सव विद्यालय का दर्पण होता हैं। उससे अध्ययनरत विद्यार्थियों का चरित्र निखारा जाता हैं। प्रबन्धक ने कहा कि हमारे विद्यालय परिवार की सोच हैं कि सभी बच्चों को और अच्छी से अच्छी शिक्षा दिया जाय। जिससे बच्चों का भविष्य में निखार आये और उज्ज्वल हो सके। प्रबन्धक ने पुरस्कार वितरण कर साथ सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बच्चों हसीं तथा गुदगुदाने वाली किस्सों से जुड़ी नाटिका पेश की तो दर्शक लोट पोट हो गए।वही वर्ष भर उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। वार्षिक उत्सव में रंगारंग प्रस्तुति से बच्चों ने लोगो का मन मोह लिया।

# नालियां चोक, सड़कों पर जलजमाव राहगीर परेशान

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर सहसों एवं भोपतपुर के सामने बनी नालियां चोक हो जाने के कारण आसपास के घरों से निकलने वाला गंदा पानी राजमार्ग पर जमा हो गया है। जिसके चलते राजमार्ग तो खराब हो ही रहा है आने जाने वाले राहगीरों को भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में प्रार्थना पत्र प्रेषित कर अवगत कराया परंतु आज तक सफाई नहीं की जा सकी, जिसके चलते भोपतपुर, मीरापुर एवं सहसों चौराहा स्थित राम जानकी मंदिर के समीप राजमार्ग पर हर समय पानी जमा रहता है। जिसके कारण पैदल आने जाने वाले राहगीरों सहित छात्र-छात्राओं को भी घोर कठिनाइयों का





प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर स्थित सहसों में मार्ग पर जमा गंदा पानी।

सामना करना पड़ रहा है। सहसों निवासी ओम प्रकाश शुक्ल, शिवधारी पाल, अजय केसरवानी, अशोक कुमार मौर्या, जय प्रकाश शुक्ला आदि का कहना है कि लगभग 2 वर्ष हो गए नालियां पूरी तरह से भठ गई है। जिसके चलते घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर जमा है। जिसके चलते गंदगी के साथ संक्रमण की संभावना हमेशा बनी रहती है। इसके साथ-साथ आसपास के लोगों को पैदल आने-जाने के साथ राहगीरों को काफी कठिनाई होती है। इसी प्रकार मीरापुर गांव निवासी रामबाबू पुष्कर सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बनी नालियों में कूड़ा करकट जमा रहता है जिसकी सफाई करने के लिए सफाई कर्मी आते ही नहीं हैं। कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया परंतु न तो सफाई कर्मी आते हैं ना ही नालियों की सफाई की जाती है। जिसके चलते गलियारों सहित नालियां भी गंदगी से पटी हुई हैं। इस संबंध में ब्लॉक बहादुरपुर के सहायक विकास अधिकारी पंचायत रमाशंकर तिवारी का कहना है कि जानकारी हुई है शीघ्र ही नालियों की सफाई करा कर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। वहीं ग्राम प्रधानों का कहना है कि हम लोगों की ना तो ब्लॉक के अधिकारी सुनते हैं न हीं सफाई कर्मी फिर कहां से हो साफ सफाई। वाह रे गांव की सरकार जिम्मेदार कौन।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का जिला सम्मेलन संपन्न

**जारी।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद प्रयागराज का 31 वाँ जिला सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें जनपद के सभी पत्रकारों के साथ साथ प्रदेश इकाई और दर्जनों जिला के जिला अध्यक्ष समेत भारी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया। जिसमें समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले और और लेखक कवि साहित्यकार पत्रकार सहित 51 लोगों को अंग वस्त्र मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें की 4 फरवरी दिन शनिवार को माघ मेला क्षेत्र के परेड मैदान में स्थित मंडल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग के पंडाल में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद प्रयागराज का 31 वाँ जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष व पूर्व वाइस चांसलर प्रोफेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारों का समाज में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है यह लोग समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज बनकर शासन को और शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का पुण्य कार्य करते हैं। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश के अध्यक्ष सौरभ कुमार जी ने कहा आज ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा पत्रकारों का संगठन है जो पूरे प्रदेश में पत्रकारों और उनके हक के लिए लड़ाई लड़ रहा है। संचालन जिला महामंत्री पंडित दिगंबर प्रसाद त्रिपाठी ने किया कार्यक्रम में प्रदेश सचिव नागेश्वर सिंह प्रदेश परीक्षक त्रिलोकी नाथ पांडे प्रदेश कोषाध्यक्ष छोटे लाल चौधरी राजेश अग्रहरी मंडल अध्यक्ष विंध्याचल देवेंद्र नाथ मिश्र, जिलाध्यक्ष मिर्जापुर अमृतलाल अग्रहरी, जिला अध्यक्ष भदोही राम नरेश चौहान, मंडल अध्यक्ष एटा सुधाकर मिश्र, जिलाध्यक्ष सोनभद्र ब्रज भूषण उपाध्याय, जिला अध्यक्ष आजमगढ़ ,राजेश गिरी जिला अध्यक्ष बाराबंकी, रमेश अकेला जिलाध्यक्ष कौशांबी , सीबी तिवारी जिला अध्यक्ष वाराणसी




, रंजन त्रिपाठी जिलाध्यक्ष प्रतापगढ़ सुनील गुप्ता जिला अध्यक्ष फतेहपुर सहित दर्जनों पत्रकारों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया और उक्त लोगों ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री त्रय दिगंबर प्रसाद त्रिपाठी ,हसीन मुस्ताख, दिलीप केसरवानी, बिपिन बिहारी गुप्ता, शिव मूरत, केसरवानी नवल किशोर मिश्रा राजीव ओझा , लालचंद पटेल, प्रमोद बाबू झा बंसीलाल, कृष्णा केसरी, बलवीर सिंह, राजेश सोनकर, विनय विश्वकर्मा रोहित शर्मा ,सुशील केसरवानी ,राजेंद्र प्रताप सिंह, नागेंद्र मिश्र शैलेंद्र गुप्ता विकास गुप्ता ,नीरज श्रीवास्तव, बाबूजी केसरवानी, रोहन केसरवानी विवेक अग्रहरी, दीपक केसरवानी, दिलीप चतुर्वेदी, लालता मिश्रा ,गुड्डू दुबे , राम सजीवन मिश्रा जितेंद्र सिंह गगन सिंह चौहान बाघ अंबर त्रिपाठी पवन केसरवानी नीरज त्रिपाठी राजेश शुक्ला नागेश त्रिपाठी दयाशंकर पांडेय आदि प्रदेश भर से भारी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम के संयोजक व ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद केसरवानी ने आए हुए सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।

# गोवंश लदा डीसीएम लावारिस छोड़कर भागे तस्कर, मृत मिलीं 15 गाय

**नंबर के आधार पर खोजबीन जारी**





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गंगानगर के थरवई इलाके के डेरागदाई गांव के जंगल में शनिवार को गोतस्कर गिरोह पकड़े जाने के डर से एक डीसीएम में लदे 22 से ज्यादा गोवंशजों को लावारिस छोड़कर फरार हो गए। डीसीएम में गोवंश इस कदर ठूस ठूस कर भरा गया था, कि उसमें लदी 15 गायों की मौत हो गई। 7 को जिंदा बरामद किया गया है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से सभी को डीसीएम से नीचे उतारा। पुलिस गोतस्करो की तलाश कर रही है।गंगानगर के थरवई थाना क्षेत्र के हाइवे से लगे गांव डेरा गदाई के जंगल में ग्रामीणों ने एक लावारिस डीसीएम ट्रक खड़ा देखा। ट्रक में गोवंश लदे हुए थे। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद डीसीपी गंगानगर अभिषेक अग्रवाल, एसीपी जंग बहादुर यादव और थरवई थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के अनुसार हंडिया कोखराज हाइवे पर शनिवार को एक लावारिस डीसीएम ट्रक खड़ा मिला। उसमें 22 गोवंश लदे थे। ग्रामीणों और जेसीबी की मदद से सभी गोवंशजो को उतारा गया। जिनमें से 15 गायों की मौत हो चुकी थी। मात्र सात जीवित बची थी।

**गिरफ्तारी के डर से छोड़कर भाग गए डीसीएम :**

एसीपी जंगबहादुर यादव ने बताया कि ऐसा लगता है कि गोवंश तस्करो को भनक लग गई थी कि पुलिस उन्हें पकड़ने वाली है। इसी डर से वह सब जंगल के रास्ते भाग रहे थे। ट्रक की बॉडी का पीछे से बगल का हिस्सा टूट गया। जिससे उसमे लदे गोवंश ट्रक से बाहर गिरने लगे। यह देख गोवंश तस्कर ट्रक वही छोड़कर भाग निकले। गाड़ी नंबर के अनुसार तस्करों और चालक की खोजबीन की जा रही है। गायों के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# विकास खंड जसरा की रेरा गौशाले की स्थिति बदतर

**बारा।** जसरा विकासखंड क्षेत्र के रेरा गाँव में बनी गौशाले में चारे-भूसे के अभाव में गोवंश दम तोड़ रहे हैं।जबकि योगी सरकार गौशालाओं के नाम पर प्रतिदिन लाखों रुपए खर्च कर गोवंशों के खाने व रहने पर खर्च कर रही है।वहीं विकासखंड के खंडविकास अधिकारी, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान व गौसेवक सरकार द्वारा प्रदत्त की गई धनराशि को बंदरबांट करते हुए अपनी जेबें भर रहे हैं और बेजुबान पशु जिन्हें गौशाले में रखा गया है लेकिन उनके भूसे-चारे की व्यवस्था नहीं की जाती, जिसके अभाव में जानवर दम तोड़ रहे हैं।गौपालकों की स्थिति यह है कि गौशाले में गोवंशों के रखरखाव के लिए एक कौए को मारकर टांग दिया गया है।पिछले कई महीनों पहले यमुनानगर की गौशालाओं में मुख्य विकास अधिकारी सहित खंडविकास अधिकारी जसरा, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर गौशाले की व्यवस्था देखते ही फूले नहीं समाये थे।वर्तमान में गौशाला की स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि रेरा गाँव में पशु चारे-पानी के अभाव में दम तोड़ रहे हैं।मौके पर मौजूद रहे एक गोपालक ने बताया कि इस गौशाले में 120 पशुओं की एंट्री है लेकिन मौके पर मात्र 60 पशु ही देखे गए।इस तरह गोवंशों के नाम पर आने वाले चारे व भूसे के पैसों से विकासखंड के अधिकारी व कर्मचारी सहित प्रधान अपनी जेबें भरने में जुटे हुए हैं और बेजुबानों की जानें जा रही हैं। खंडविकास अधिकारी सपना अवस्थी ने बताया कि गौशाले में चारे-भूसे की जाँच पड़ताल करने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

## करंट की चपेट में आने से झुलसी महिला की उपचार के दौरान मौत

**प्रयागराज।** परवेजा बाद गांव में करंट की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। वही बिजली विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। करंट से महिला की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।परवेजाबाद गांव में घर में लगे बिजली के बोर्ड में मोबाइल चार्जर लगाते समय अठ्ठाईस वर्षीय बंदना यादव पत्नी प्रदीप कुमार यादव करंट के चपेट में आ जाने बेहोश हो गिर पड़ी तो सास सावित्री देवी ने शोर मचाया। अगल-बगल के लोग मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में अस्पताल लेकर भागे। उपचार के दौरान वंदना ने दम तोड़ दिया।शव घर पहुंचा तो इसकी सूचना उतराव पुलिस को हुई मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष श्रवण कुमार ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## माघ मेले में बने अस्पताल में दवाई खत्म परेशान रहे श्रद्धालु

**झूंसी।** कल्पवास समाप्त होने से पहले ही मेले में व्यवस्थाएं फैल गई है। जहा मच्छरों ने कल्पवासियों की रातों की नींद हराम कर रखी थी। अब मेले में बने अस्पताल में दवाओं का भी टोटा हो गया है जिसकी वजह से मरीजो को निराश लौटना पड़ा। बदलते मौसम की वजह से माघ मेले में आए कई कल्पवासी जुखाम, बुखार से पीड़ित हैं। मेले में बने अस्पताल में दवाएं खत्म होने की वजह से उनकी परेशानी और बढ़ गई है। माघी पूर्णिमा के एक दिन पहले माघ मेले के सेक्टर चार में बने गंगा अस्पताल में मरीजो को सर्दी, खांसी और बुखार की दवा नही मिली। जिसकी वजह से मरीजो को बाहर से दवा लेना पड़ा। सेक्टर चार के गाटा संख्या तीन में कल्पवास कर रही होलागढ़ की निर्मला देवी शनिवार की शाम गंगा अस्पताल में खांसी बुखार की दवा लेने गई थी उन्होंने बताया कि डाक्टर बोल रहे है मेला समाप्त हो गया है अस्पताल बंद है और दवा भी नही है। ड्यूटी पर तैनात डॉ डीके मिश्रा ने बताया कि कुछ दवाएं समाप्त है और कुछ समाप्त होने की कगार पर है।

# सर्राफ से हुई लूट का गैंग लीडर समेत पांच गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** नगर के अतरसुइया इलाके में 24 जनवरी को सराफा कारोबारी के साथ हुई सवा किलोग्राम चांदी की लूट का प्रयागराज पुलिस ने दस दिन बाद शनिवार को खुलासा कर दिया। घटना में शामिल तीन लुटेरों और गैंग सरगना समेत पांच बदमाशों को दबोचा गया है। जिनके पास से लूटी गई पूरी की पूरी चांदी बरामद कर ली गई है। उनके पास से 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद की गई है।नगर के करेली थाना अंतर्गत सदियापुर मछली मंडी निवासी मुकेश निषाद पुत्र स्व. विजय निषाद उर्फ बजरंगी निषाद सराफा व्यापारी है। उसकी कोतवाली चौक में चांदी के आभूषण बनाने की दुकान है। 24 जनवरी को रात 8.30 बजे मुकेश दुकान बंद करके बाइक से अपने घर जा रहा था। अतरसुइया थाना क्षेत्र के मीरापुर स्थित ललिता देवी मन्दिर गेट के निकट इमिलिया ढाल के पास सूनसान स्थान पर बाइक सवार तीन बदमाशो ने तमंचा दिखाकर मुकेश निषाद से चांदी से भरा बैग लूट लिया था। उस वक्त मुकेश ने बताया था कि बैग में 1.22 किलोग्राम चांदी थी। पुलिस अधिकारियों ने इस घटना के खुलासे के लिए इलाकाई पुलिस के साथ एसओजी को लगाया था।शनिवार को डीसीपी नगर संतोष कुमार मीणा नेबताया कि घटना में शामिल पांच बदमाशो को क्षेत्र के जोगीघाट से गिरफ्तार कर लिया गया।

**एक हफ्ते तक की थी रेकी :** इस गैंग का सरगना इरफान रियाज अहमद उर्फ रूमी है। वह अपने गैंग मेंबर नियाज अंसारी के साथ मिलकर सबसे पहले टारगेट की रेकी करते है। इस घटना से पहले भी दोनो ने सराफा व्यापारी की रेकी की थी। वह कब निकलता है। किस किस रास्ते से आता जाता है, अब कुछ इन दोनो ने खंगाल लिया था। उसके बाद तीन अन्य गैंग मेंबरों राजा अली, मो. वली उर्फ शेरा और मो. साजिद को लूट के लिए लगा दिया। 24 जनवरी को इन्हीं तीनों लोगों ने मिलकर लूट की घटना का रीत की थी उस वक्त रियाज और नियाज भी स्कूटी से आगे पीछे लगे हुए थे लूट की घटना के बाद मोहम्मद वली उर्फ शेरा ने चांदी से भरा बैग रियाज को सौंप दिया था। रियाज इससे पहले गंगापार को उतराव में एक डकैती में भी शामिल रहा है। पांचों पर कई अन्य अपराध भी विभिन्न थानों में दर्ज है। पुलिस का कहना है कि जोगी घाट पर यह सभी लोग आज चांदी के बंटवारे के लिए इकट्ठा हुए थे लेकिन उसके पहले पुलिस ने दबोच लिया इनके पास से शत प्रतिशत लूट की चांदी बरामद कर ली गई है।

**ये लोग रहे शामिल :** पकड़े गए लुटेरों में मो. साजिद निवासी गौसपुर कटहुला, पिपरी, कौशाम्बी, मो. वली उर्फ शेरा निवासी करामत की चौकी, करेली, राजा अली निवासी शोला मार्केट, करेली, इरफान रियाज अहमद उर्फ रुमी निवासी 64 दरियाबाद, अतरसुइया और नियाज अंसारी निवासी दरियाबाद पठनवल्ली, अतरसुइया शामिल है।

**गिरफ्तारी टीम में शामिल पुलिस वाले :** गिरफ्तारी और बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह, एसआई अर्चना चौबे चौकी प्रभारी मीरापुर, एसआई सचिन देव वर्मा, अरविन्द कुमार, नीरज सिंह कुशवाहा, का. शहनवाज, सूरज सिंह, सुशील कुमार और एसओजी नगर टीम एसआई आशीष सिंह प्रभारी एसओजी नगर, एस आई दिनेश सिंह, सर्विलांस टीम एस आई शान्तनु चतुर्वेदी प्रभारी सर्विलांस सेल,आईसीसीसी टीम निरीक्षक रामपूजन पाण्डेय आदि शामिल थे।

## सहसों में मनाया गया विश्व कैंसर दिवस

**सहसों।** विश्व कैंसर दिवस पर लोगों को जागरूक करते हुए सहसों स्थित हरि ओम चैरिटेबल ट्रस्ट में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। जो कि कैंसर के खिलाफ लड़ाई में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए हर साल विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एक नई थीम भी जारी की जाती है। इस वर्ष विश्व कैंसर दिवस 2023 की थीम क्लोज द केयर के नाम से जानी गई है। इस अवसर पर हरिओम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ अमित यादव ने बताया कि इस समय स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, मुंह का कैंसर, फेफड़े और कोलोरेक्टल कैंसर भारत में 5 सबसे अधिक होने वाले कैंसर हैं। उन्होंने कहा इसमें बचाव, जानकारी और जागरूकता ही उपाय का सबसे बड़ा इलाज है। जिसमें तंबाकू सेवन कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है। लोगों को जागरूक करते हुए डॉ अमित यादव ने बताया कि ऐसी स्थिति में अगर कैंसर का लक्षण पता चलने पर बिना देरी किए समय-समय पर जांच, चिकित्सीय परामर्श और औषधि समय-समय पर लेते रहें। तंबाकू , धूम्रपान का निश्चित रूप से त्याग करें और रात में सोते समय मुंह को अच्छी तरह साफ करके ही सोएं। इस मौके पर उपस्थित लोगों में मास्क का वितरण किया गया। इस अवसर पर अमन कुमार, रामचंद्र, विजय कुमार, लालजी द्विवेदी, रमेश कुमार गुप्ता, संदीप यादव, रवि कुमार पाल, फूलचंद साहू , निर्दोष गुप्ता सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर से अधिवक्ता की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**



**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर ट्रक की चपेट में आने से एक युवा अधिवक्ता की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया अधिवक्ता की मौत से जहां परिजनों में कोहराम मचा हुआ है वहीं साथियों में शोक की लहर है। उतरांव के जैतपुर गांव निवासी कुलदीप सिंह(25) पुत्र मानिक चंद अधिवक्ता थे। अल्लापुर में रहकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस करते थे। बताया जाता है कि शुक्रवार को कुलदीप अपने मौसी के यहां फुलहां गांव किसी कार्यक्रम में आये थे। रात 10 बजे के करीब वह वापस अल्लापुर जा रहे थे। सरपतीपुर गांव के सामने पहुंचे थे तभी एक ट्रक की चपेट में आ गए जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने अधिवक्ता को इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने कुलदीप को मृत घोषित कर दिया कुलदीप की मौत की खबर परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुंच गए भारी संख्या में साथी अधिवक्ताओं का भी अस्पताल में जमावड़ा रहा। कुलदीप दो भाइयों में छोटे थे अभी शादी नही हुई थी। कुलदीप की मौत से मां इंद्रेश देवी का रो रो कर बुरा हाल है।

# जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** शहर के जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का प्रारंभ छात्राओं द्वारा लांग जंप में भाग लेकर किया गया।जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एथलेटिक्स में लांग जंप, जैवलिन थ्रो, शॉर्टपुट, डिस्कस थ्रो 100 मीटर रेस खेल शामिल रहे। जिसमें छात्राओं ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। इसके उपरांत कबड्डी एवं खो-खो में बीकॉम एवं बी.ए. की छात्राओं की टीम खेली। लॉन्ग जंप में नेहा द्विवेदी ने प्रथम, श्रेया मिश्रा ने द्वितीय एवं शगुन यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो में वैशाली राज प्रथम, आभा लक्ष्मी सिंह द्वितीय एवं सौम्या सिंह तृतीय रहीं। शॉट पुट में पलक ने प्रथम स्थान, नेहा द्वितीय एवं सीमा पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में वैष्णवी राज प्रथम, आभा लक्ष्मी सिंह द्वितीय एवं यशस्वी सिंह तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर की रेस में आर्या तिवारी प्रथम, रंजना जायसवाल द्वितीय एवं सौम्या सिंह तृतीय स्थान पर रहे। कबड्डी में कॉमर्स की छात्राओं की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो में इ.अ. के छात्राओं की टीम प्रथम स्थान पर रही महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दीपशिखा बनर्जी ने छात्राओं को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

**प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित रहे लोग :**

प्रतियोगिता के दौरान जगत तरण खेलकूद क्रियाकलाप समिति की प्रभारी डॉ. रूपम मिश्रा, सदस्य डॉ. संध्या पांडेय, संगीता सहगल, डॉ. मीनाक्षी यादव, शिखा दीक्षित, डॉ. शालिनी, डॉ. ऐश्वर्य, डॉ. माधुरी, डॉ. फातिमा नूरी, लालिमा श्रीवास्तव, रितु आदि उपस्थित थे।

# अमर फिलिंग स्टेशन का फीता काटकर सतुआ बाबा ने दिए आशीर्वचन





**सहसों।** जो मनुष्य प्रभु में विश्वास करता है आस्था रखता है उस मनुष्य का सदा ही कल्याण होता है। भक्ति एवं विश्वास के साथ जो भी कार्य किया जाता है वह चाहे छोटा हो या बड़ा कोई भी बिजनेस हो उसको शुरूआत करने से पहले हम परमात्मा को जरूर याद करते हैं। कोई भी बिजनेस शुरू करने से पहले हम आचार्य द्वारा विधि विधान से पूजन, धूप, दीप, नैवेद्य के साथ पूजन अर्चन करते हैं। तत्पश्चात आचार्य ब्राह्मण को दान दक्षिणा के उपरांत मिष्ठान प्रसाद का वितरण कराते हैं। पूजन अर्चन के बाद प्रभु को समर्पण करते हुए आशीर्वाद लेकर जो भी कार्य किया जाता है इसमें सफलता सुनिश्चित मिलती है। उक्त आशीर्वचन महामंडलेश्वर 1008 सतुआ बाबा ने नरई बाबूगंज स्थित अमर फिलिंग स्टेशन का पूजन के उपरांत फीता काटकर उद्घाटन के अवसर पर कही। इस अवसर पर अमर फिलिंग स्टेशन के संचालक ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव डब्बू ने सतुआ बाबा का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए उनको अंगवस्त्रम एवं राधा कृष्ण की मुर्ति भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किए एवं आए हुए सभी अतिथियों का हृदय से स्वागत करते हुए सभी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल, जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार अश्वनी कुमार द्विवेदी, पूर्व जिला अध्यक्ष गंगापार अमरनाथ तिवारी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी, प्रमुख धनूपुर ज्योति यादव, प्रमुख प्रतापपुर शैलेन्द्र यादव, डीसीएफ चेयरमैन लल्ले सिंह, राजधर द्विवेदी, राजेंद्र केसरवानी, संजय सिंह, सत्यम केसरवानी, अमन मिश्रा, राजेंद्र यादव, जितेंद्र पटेल, अमन सिंह राजपूत सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचे केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने न्याय व्यवस्था को सरल बनाने पर दिया जोर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** केंद्रीय मंत्री (विधि एवं न्याय) किरन रिजिजू आज शनिवार को प्रयागराज में रहे। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के 150वें स्थापना वर्ष समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यहां उन्होंने न्याय व्यवस्था पर कई अहम बातें कही। उन्होंने कहा कि आज देश में लगभग 4 करोड़ 90 लाख केसों की पेंडेंसी है, जो एक चुनौती के रूप में है। उन्होंने कहा कि अन्य माध्यमों के साथ-साथ टेक्नोलॉजी के माध्यम से भी पेंडेंसी को कम करने के लिए उपाय किए जा रहे है। हम सबकों मिल जुलकर इस संबंध में और अधिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी का उद्देश्य सभी को सस्ता, समय से व सुलभ न्याय प्राप्त कराना है। **तेजी से चल रहा है ई-कोर्ट का कार्य :** उन्होंने कहा कि इस ई-कोर्ट का कार्य बहुत तेजी से हो रहा है। ई-कोर्ट फेज-3 की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गयी है और इसके लिए आवश्यक बजट की व्यवस्था की गयी है। इसकी शुरूआत हो जाने पर दूर-दराज जनपद से आने वाले लोगों को फायदा होगा। ई-कोर्ट फेज-3 के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट की अग्रणी भूमिका होगी। उन्होंने बताया कि 65 हजार लीगल शब्दों का शब्दकोष तैयार किया जा रहा है, जिससे कि लीगल टमीनोलॉजी को आसानी से समझा जा सके। गैर जरूरी अंग्रजों के समय से चले आ रहे कानूनों को समाप्त करने का कार्य किया है। हमें ऐसी व्यवस्था बनाने पर विचार करना होगा, जिससे आम आदमी व गरीब आदमी व दूर-दराज से आने वाले लोगों के छोटे-छोटे मुकदमें लोकल स्तर पर ही समाप्त हो जाए। इस कार्य के लिए लीगल सर्विसेज कैंप लगाकर इस समस्या का समाधान किया जा सकता है।

**एसोसिएशन में हैं 31 हजार से ज्यादा अधिवक्ता :** उच्चतम न्यायालय न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी ने बार एसोसिएशन हाईकोर्ट के 150 वर्ष पूरा होने पर बधाई देते हुए कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अपनी गौरवशाली प्रतिष्ठा को निभा रहा है। मैं इसके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए गर्व का विषय है कि मैं भी इस बार एसोसिएशन का सदस्य रहा हूं तथा उन्होंने यहां के बारे में अपने अनुभव साझा किया। उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति विक्रमनाथ ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद के 150 वर्ष पूरा होने पर बधाई देते हुए इलाहाबाद बार एसोसिएशन के अतीत के बारे में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि जैसा की मुझे बताया गया है कि वर्तमान समय में इस एसोसिएशन में लगभग 31 हजार अधिवक्ता है, जो कि एक बहुत विशाल संख्या है।

## न्यूज झरोखा

### आपदा प्रबंधन पर आयोजित कार्यशाला सम्पन्न



**हनुमानगंज।** बहादुरपुर ब्लाक सभागार में शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं टाइम्स सेंटर फॉर लर्निंग लिमिटेड के सयुंक्त तत्वाधान में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय वज्रपात सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर मनोज कुमार सिंह, एडीओ एसटी डॉ निशा के साथ जागरूकता अभियान कार्यक्रम में कार्यदायी संस्था टाइम्स-प्रो के प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष दीक्षित के द्वारा किया गया । प्रशिक्षक डॉ. सत्येन्द्र कुमार एवं सौरभ सिंह ने वज्रपात, आपदा प्रबंधन, राज्य एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों की भूमिका एवं अन्य आपदाओं के रोकथाम एवं बचाव के उपायों के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तार से बताया।

### रोस्टर के अनुसार दो बार से समाधान दिवस पर अनुपस्थित रहे डीएम साहब, मायूस लौटे फरियादी



**करछना।** माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस अब मजाक बनकर रह गया है। बार-बार समाधान दिवस का चक्कर काटने वाले फरियादियों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिससे क्षेत्र से आने वाले फरियादीयों में मायूसी है। शनिवार को करछना तहसील सभागार में जिलाधिकारी के आने की सूचना पर फरियादियो की भीड रही लेकिन उनके न आने पर उन्हे मायूस होकर लौटना पडा। तहसीलदार गणेश सिह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 165 शिकायतें पत्र आए, लेकिन मौके पर एक भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। जिससे फरियादियों को निराश ही लौटना पड़ा। संपूर्ण समाधान दिवस पर सीमा मिश्र घटवा ने पात्रता सूची मे नाम होने के बाद भी आवास से उनका नाम काट दिया गया।इसी तरह हथिगन के तुलसीराम पटेल ने अपनी भूमिधरी जमीन पर निर्माण कार्य कर रहा था कि गाव के ही दबग दरबारीलाल राम अभिलाश व विजय आदि लाठी डडा लेकर काम बन्द कराने की विवाद पर अमादा हो गये। फत्तेपुर मे सरकारी चकमार्ग को नाप कर अलग किया जाए।समाधान दिवस पर डीपीआरो,बीडीओ देव नायब तहसीलदार, वन क्षेत्राधिकारी रजनीश परमार्थी सहित कई विभागीय अधिकारी व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस में 206 फरियादियों ने दर्ज कराई शिकायतें, महज दो शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण



**कोरांव।** शनिवार को तहसील मुख्यालय कोरांव के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 206 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। प्राप्त शिकायती पत्रों में महज दो का मौके पर निस्तारण हो सका। संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम शुभम यादव, तहसीलदार अनिल कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार विनोद कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने आए हुए फरियादियों की शिकायतें सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। प्रत्येक संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों के द्वारा शिकायतें की जाती है। लेकिन शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण नहीं किया जाता है जिससे वही फरियादी बार-बार संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें दर्ज कराते रहते हैं। संपूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व एवं जमीनी विवाद से जुड़ी रही। समाधान दिवस में आई शिकायतों को लेकर एसडीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय बद्ध तरीके से सभी शिकायतों का शिकायतकर्ता के समक्ष पहुंचकर बयान लेते हुए निस्तारण करें एक ही शिकायतें बार-बार न आए।

### महा सम्मेलन की तैयारी में शिक्षामित्र, उरुवा बीआरसी में बनाई रणनीति



**प्रयागराज।** लखनऊ के रमा बाई मैदान में आगामी 20 फरवरी को आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधन में होने वाले शिक्षा मित्र महा सम्मेलन के लिए संगठन के जिला इकाई द्वारा प्रत्येक बीआरसी पर शिक्षा मित्रो के साथ मीटिंग का शिलशिला जारी है।आज बीआरसी उरुआ में जिला अध्यक्ष अश्वनी त्रिपाठी वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिनव त्रिपाठी एवम प्रदेश समिति के पूर्व उपाध्यक्ष विद्या कांत शुक्ल की उपस्थिति तथा ब्लाक अध्यक्ष राजेश गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में सैकड़ों महिला पुरुष शिक्षा मित्रों ने शिरकत किया।जिला अध्यक्ष अश्वनी त्रिपाठी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की उत्तर प्रदेश की लोक प्रिय मुख्य मंत्री माननीय योगी जी की सरकार में ही हम शिक्षा मित्रो का कल्याण होना निश्चित है। आपकी 23 वर्षो की मेहनत का फल जरूर सरकार द्वारा दिया जाएगा।जरूरत है एकजुट होकर अपनी समस्याओं को महा समेलन के माध्यम से सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी तक पहुंचना।वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिनव त्रिपाठी ने कहा की ये महा सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री माननीय कौशल किशोर जी मुख्य अतिथि तथा बेसिक शिक्षा मंत्री माननीय संदीप सिंह जी विशिष्ठ अथिति के रूप में मंच पर मौजूद रहेंगे।ये हमारे लिए एक अच्छा संकेत है।सरकार के सहमति पर ही महा सम्मेलन का आयोजन आदर्श संगठन द्वारा किया गया है।प्रदेश पूर्व उपाध्यक्ष विद्या कांत शुक्ल ने शिक्षा मित्रो का आवाहन्न करते हुए कहा,की इसके पूर्व में भी आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा जनपद हाथरस के मित्रो द्वारा आयोजन किया जा चुका है।उसी का परिणाम है की आज सरकार के मंत्री आपके किसी कार्यक्रम को समय दे रहे है।इसे संगठन शिक्षा मित्रो के हित में शुभ संकेत मानता है।ब्लाक अध्यक्ष राजेश गौतम ने उपस्थिति सभी शिक्षा मित्रो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, लखनऊ चलने के लिए हाथ उठवा कर सहमति मांगी।उपस्थिति शिक्षा मित्रो ने संकल्प लिया की उरुआ का ही नही,बल्कि प्रयागराज का एक एक शिक्षा मित्र महा सम्मेलन का हिस्सा बनेगा।

## जिला उपाध्यक्ष के पिता के निधन पर शोक

**सहसों।** प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष भोपतपुर सहसों निवासी राकेश कुमार जयसवाल के पिता 80 वर्षीय हरीश चन्द्र जायसवाल के आकस्मिक निधन पर लोगों में शोक व्याप्त है। इस अवसर पर सहसों में पूर्व प्रधान नागेंद्र प्रसाद उपाध्याय की अध्यक्षता में एक शोक सभा की गई। जिसमें मृतक व परिजनों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए उपस्थित लोगों ने मृतक आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर ओम प्रकाश श्रीवास्तव, मोतीलाल जायसवाल पूर्व चेयरमैन, रामजी जयसवाल, प्रभाकर पांडे, बबलू जायसवाल सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## बेदखली

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शाहिद हुसैन पुत्र स्वर्गीय जाहिद हुसैन रजागंज लालगोपालगंज परगना नवाबगंज तहसील सोरांव जनपद प्रयागराज का निवासी हूं। मेरे पांच पुत्रों में एक पुत्र मोहम्मद आसिफ मेरे कहे सुने में नहीं है। वह गलत कार्यों में संलिप्त रहता है। मेरे पूरे परिवार से उसका कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। उसके द्वारा किए गए कार्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इसलिए मैं पूरे होश व हवास में अपने पुत्र मोहम्मद आसिफ को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं।

## पोषण मेले मेले में महिलाओ को दी जानकारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार को लालगंज के कौशिल्यपुर गांव में ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर पोषण मेला कार्यक्रम को आयोजित किया गया। जिसमें गांव की धात्री व गर्भवती महिलाओं के साथ किशोरियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में 60 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान एएनएम शिवानी गुप्ता ने बताया कि हरी सब्जियों का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभ दायक होता है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा पटेल ने भी सभी उपस्थिति महिलाओ को स्वस्थ को बेहतर रखने के लिए जानकारियां दी। इस मौके पर हेल्थ सुपरवाइजर उल्ला, आर्थिक अनुसंधान केंद्र से रणविजय राय, जीतलाल, दिनेश आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने सदर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी शिकायतें

### आठ मामलों का मौके पर किया निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 125 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 08 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 125 शिकायतों में से 50 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 41, विकास विभाग से 07, विद्युत विभाग से 15 एवं 12 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई।



समाधान दिवस पर लोगों की समस्याएं सुनतें जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुये शिकायतकर्ता को पूर्णरूप से संतुष्ट किया जाये। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुनी गयी। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जीएम शुक्ला, उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने कोतवाली नगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कोतवाली परिसर के भवनों का देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## दो माह में शुरू हो जाएगा सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लांट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर में अवस्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रतापगढ़ त्रिभुवन विश्वकर्मा द्वारा एसटीपी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बेला प्रतापगढ़ राम अचल कुरील, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संतोष कुमार सिंह स्वच्छ भारत मिशन श्री वरुण कुमार सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान एसटीपी संचालित अवस्था में पाई गई जिसका अवर अभियंता द्वारा बताया गया कि 5 एमएलडी तक का पानी का शोधन का कार्य का परीक्षण चल रहा है लगभग दो महीने में एसटीपी पूरी तरह कार्यरत हो जाएगी।



सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते एडीएम।

## सपा की मासिक बैठक में हुई चुनाव पर चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शनिवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी नगर निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। तथा निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर लिस्ट सर्वे में नाम बढ़ाने, घटाने एवं संशोधित करने पर भी गहनता से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता नि.जिला अध्यक्ष छविनाथ व संचालन नि.जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव व लोकसभा चुनाव की तैयारी करते हुए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर क्षेत्र में जनता के बीच जाकर सुख-दुख में शामिल होकर समाजवादी पार्टी की सरकार में किये गये कार्यों जनजन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर रानीगंज विधायक डॉ.आर.के. वर्मा, पट्टी विधायक माननीय रामसिंह पटेल, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव, सियाराम यादव, भईया राम पटेल, मो.अनीस खान, गुलफाम खां, नरेंद्र पाल एडवोकेट, आरके भीम, प्यारेलाल खैरा, पं.करोड़ीमल शर्मा, जगदीश मौर्या, आशुतोष पाण्डेय, इरफान खान, डॉ. शेरबहादुर यादव, डॉ.रामबहादुर पटेल, सत्यनारायण यादव, सफात अहमद, विवेक यादव, विजय यादव, कन्हैया तिवारी, प्रदीप यादव, अब्दुल हकीम, सिराजुल हक, संजय सरोज, मो. समीम पूर्व प्रमुख, हरीश शुक्ला, शिवाजीत सिंह, शिवम सिंह, समीम खान, आजम राय, पूर्व मीडिया प्रभारी मनीष पाल सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।



खिलाड़ियों को किट प्रदान करते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

## जमकर खेलो, देश का नाम रोशन करोः राजेंद्र मौर्य

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** खूब खेलो और देश का नाम रोशन करो। उक्त बातें शनिवार को नगर के चिलबिला स्थित कैंप कार्यालय में युवा खिलाड़ियों को वालीवाल किट प्रदान करते हुए सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कही। उन्होंने कहा कि देश की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार दोनों ही खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए वचनबद्ध है। इस क्रम में सरकार द्वारा तरह-तरह के संसाधन खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे हैं। श्री मौर्य ने ग्राम सभा जहरगो, विकासखंड सदर से आए हुए खिलाड़ी अनुज कुमार पाल, रविकांत पाल, महेंद्र प्रताप पाल, शिवकुमार एवं अरुण सिंह को वालीबाल की संपूर्ण किट प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। किट पाकर खिलाड़ियों के चेहरे पर गजब का उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान सदर विधायक के प्रतिनिधि अरुण मौर्य भी उपस्थित रहे।

# काशीराम कालोनी में लगे 25 सफाई कर्मचारी, नगर के ट्रांजिट हास्पिटल में चला सफाई अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के सरोज चौराहा के समीप काशीराम कालोनी में जाम नाली व कूड़े की सफाई कार्य युद्ध स्तर पर तीन दिनों से किया जा रहा हे। नगर पालिका इस विस्तारित क्षेत्र में सफाई कार्य के लिये 25 सफाई कर्मचारी लगे हैं जो टैज्क्टर, जम्फर, मैजिक नाला क्लीनिंग मषीन से तीन दिनों से लगातार कार्य कर रहे हैं।यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील के निर्देषन में यह कार्य पूरा होने में कम से कम तीरन चार दिन लगेंगे। बता दें कि विस्तारित क्षेत्र में अभी नाले नालियों का अभाव होने से जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से गंदे पानी व कूडे. का जमाव हो जाता है। अधिषाषी अधिकारी श्री कुरील ने बताया कि नगर पालिका हर क्षेत्र में सफाई का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कर रही है। बता दें कि नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील, सफाई प्रभारी प्रषांत सिंह एवं सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह इस सफाई अभियान की निगरानी कर रहे हैं। इसी प्रकार कम्पनी गार्डेन के समीप ट्रांजिट हास्पिटल में सफाई अभियान चलाया गया।



कशीराम कालोनी में साफ-सफाई करते कर्मचारी।

## देश में नम्बर एक पर प्रतापगढ़ की डेल्टा रैंकिंग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जल शक्ति मंत्रालय ने जिले के गावों में कार्यों की गुणवत्ता का सर्वे कराया था जिसके तहत प्रतापगढ़ की डेल्टा रैंकिंग देष में नम्बर एक पर घोषित की गई। बता दें कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत डीपीआरओ रवि शंकर द्विवेदी की देख देख में जिले भर में स्वच्छता का कार्य किया गया था। देश में नम्बर वन रैंकिंग घोषित होते ही स्वच्छ भारत के निदेशक ने डीएम डॉ नितिन बंसल और सीडीओ ईशा प्रिया व डीपीआरओ रवि शंकर द्विवेदी को बधाई दी। मुख्यालय और जनपद के अधिकारियों ने इसका श्रेय प्रधान,ग्रामीण व कर्मचारियों, सहयोगियों को दिया है।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छात्र-छात्राओं ने यातायात के प्रति किया जागरूक

### संस्कार ग्लोबल स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव साहस की हुंकार एवं यातायात माह का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में शनिवार को वार्षिक खेल उत्सव साहस की हुंकार और सड़क सुरक्षा माह का रंगारंग समापन हुआ। इसके पूर्व एआरटीओ डा. दिलीप कुमार गुप्ता ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

बच्चों ने मार्चपास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। नुक्कड़ नाटक, देशगीत,मार्शल आर्ट, योगा ड्रिल, लेजियम आदि प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को जागरुक करते हुए मंत्रमुग्ध कर दिया। बतौर मुख्य अतिथि एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि एएसपी पूर्वी विद्यासागर मिश्र, डिप्टी सीएमओ डा. आरपी गिरी, इंजीनियर बृजमोहन सिंह बच्चों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। उप प्रधानाचार्य उमा सिंह, संध्या शुक्ला, प्रकाश त्रिपाठी, विकास सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रिंसिपल समीना अख्तर ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया। संचालन दीपिका एवं अविनाश सिंह ने किया। विनय सिंह,विकास सिंह, शिवम त्रिपाठी, रंजना, जफर, दया पुष्पजीवी, रईस, संगीत दुबे, विपिन सिंह, अर्जुन तिवारी, वर्षा ओझा, प्रवीण मौर्य आदि मौजूद रहे।



वार्षिक खेल उत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं।

## ट्रेनिंग के दौरान छात्र-छात्राएं हुई घायल

प्रतापगढ़। संस्कार ग्लोबल स्कूल में मार्शल आर्ट ट्रेनिंग के दौरान हाथ और पैर से पत्थर तोड़ते समय आधा दर्जन छात्र छात्राएं घायल हो गई। सभी घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया जहां घायलों की स्थिति सामान्य है।

## विचार गोष्ठी आज

**प्रतापगढ़।** भारतीय इतिहास संकलन समिति काशी, उत्तर प्रदेश की प्रतापगढ़ इकाई द्वारा 5 फरवरी दिन रविवार को अपराह्न 12 बजे से भगवान निकेतन, पूरे नरसिंह भान में भारतीय स्वातन्त्र्य एवं प्रतिरोध विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। साथ ही जनपदीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन भी प्रस्तावित है। मुख्य वक्ता एवं पर्यवेक्षक के रूप में समिति के प्रान्तीय महासचिव प्रोफेसर प्रशान्त कश्यप एवं डॉ. प्रियंका सिंह काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी रहेंगे। यह जानकारी प्रान्तीय उपाध्यक्ष, भारतीय इतिहास संकलन समिति काशी के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर पीयूष कान्त शर्मा ने दी।

# ट्रेन में दर्शनार्थियों पर हमला, मची अफरातफरी

### प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर एक पक्ष ने किया हमला, तीन हिरासत में

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बाबा बैजनाथ धाम दर्शन करके लौट रहे दर्शनार्थियों पर ट्रेन में लोगों ने हमला बोल दिया। इस हमले में एक युवक का खून बहा, बाकी को मामूली चोट आई है। इस घटना से स्टेशन पर अफरा तफरी मच गई। पीड़ित परिवार शिकायत लेकर जीआरपी थाने गया। घटना के बाद थाने पर लोगों का मजमा लगा रहा। इस मामले में जीआरपी ने तीन संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

हावड़ा से अमृतसर जाने वाली 13005 पंजाब मेल ट्रेन की घटना है। ट्रेन शनिवार को प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर रुकी। उसी समय कोच नंबर एस 7 में मारपीट शुरू हो गई, जिसमें से एक पक्ष विक्रम सिंह का था। बताया जाता है कि इस मारपीट में दूसरे पक्ष के लोगों ने विक्रम सिंह और उसके परिवार वालों पर हमला बोल दिया। जिसमें विक्रम को काफी चोटें आई। उनके नाक और मुंह से खून निकलने लगा। बीच बचाव में उनकी पत्नी और घरवालों को भी मामूली चोट आई। हालांकि इन लोगों ने भी मौका पाकर हमलावरों को मारा। लेकिन उनकी संख्या अधिक थी। इस घटना के बाद कोच में अफरातफरी मच गई। बाहर भीड़ लग गई। यात्री खिड़की से अंदर का नजारा देखने लगे। बीच बचाव के बाद ट्रेन छूट गई, जिससे मारने वाले लोग चले गए। विक्रम और उनका परिवार यहीं पर उतर गया। शिकायत लेकर जीआरपी थाने पहुंचे विक्रम सिंह ने बताया कि वे मांधाता सहिजनपुर का रहने वाले हैं। परिवार के साथ बाबा बैजनाथ धाम दर्शन करके लौट रहे थे। रात में जसीडीह स्टेशन से चढ़े। रास्ते में उनका मोबाइल गुम हो गया। वे उसे कोच की लाइट जलाकर खोज रहे थे। कोच में बैठे दूसरे पक्ष के लोगों ने लाइट जलाने पर एतराज किया। रेल का नियम बताने लगे। इसी बात पर उनका उनसे विवाद हो गया। जिसका बदला उन लोगों ने प्रतापगढ़ स्टेशन पर हमला कर के लिया। एसओ जीआरपी राशिद खान ने बताया कि पंजाब मेल ट्रेन में यात्रियों के दो गुटों के बीच मारपीट हुई है। तहरीर नहीं मिली है।




बच्चों को उपहार देते ब्रांच मैनेजर।

## ब्रांच मैनेजर ने बच्चों को दिया उपहार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मॉडल पब्लिक स्कूल मुरस्सापुर में शनिवार को बैंक ऑफ बड़ौदा मुरस्सापुर के ब्रांच मैनेजर मु0 मुदस्सिर ने ग्राम प्रधान सुरेश कुमार यादव की मौजूदगी में स्कूल के सभी बच्चो को स्टेशनरी वितरण किया और कहा कि बच्चो को उपहार मिलने से उनके चेहरे पर जो मुस्कान देखने को मिलती है वह बड़ी ही मनमोहक लगती है बहुत से ऐसे गरीब बच्चे है जिनके पास स्टेशनरी नही रहती किसी तरह काम चलते है, जो स्टेशनरी मिलने से खुश होकर गद गद हो जाते है। इस मौके पर प्रधानाध्यक वकील अहमद, सुरेंद्र कुमार, प्रियांशु ओझा, साहिल सुल्ताना, सीता, मनोरमा, गीता आदि स्टाफ मौजूद रहे।

## उपभोक्ता संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**परियावां, प्रतापगढ़।** अवधेशपुरम ऐंठू में उपभोक्ता संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष डॉ0 रणजीत सिंह ने कहा कि उपभोक्ताओं के शोषण का मुख्य कारण उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक न होना है। उपभोक्ताओं के अपने अधिकारों की जानकारी होना चाहिए, उपभोक्ता अपने अधिकारों को पहचाने और उसका उपयोग करें, दुकानों से बिना बिल के कोई सामान न खरीदें तथा वस्तु पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक मूल्य न दें। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ यतेन्द्र कुमार ने प्रतिभागियों को वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर एक महत्वपूर्ण अप्रत्यक्ष सेवा कर व्यवस्था है जिसे 1 जुलाई 2017 से देश में लागू किया गया, इसे लागू करने के लिए संविधान में संशोधन भी किया गया।

# बनाना रेस में अंकुर, ओम कृष्णा व अंश रहे अव्वल

### वी0एस0 मेमोरियल स्कूल में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वी0 एस0 मेमोरियल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल चकवनतोड़, सिटी रोड प्रतापगढ़ में प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया।

प्रथम चरण में विद्यालय के छात्र अंकुर मिश्र, ओमकृष्णा, अंश पाण्डेय ने बनाना रेस में प्रथम स्थान हासिल किया। वही जलेबी रेस में ईशान शुक्ला, अंश मिश्र तथा फेरिया ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। द्वितीय चरण में मेकप रेस में पारूल यादव, धृति मिश्रा, आराध्य तिवारी व मानवी पाण्डेय प्रथम रही और फ्रांग रेस में अंशिका यादव व अनुष्का यादव व क्रोकोडायल रेस में अभिराज व अभिकांश, शुभम् एवं सुमित, आदित्य मिश्र एवं नैतिक ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। सैक रेस में साहिल यादव, असद खान तथा सोमिया राणा द्वारा प्रतिभाग कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया।

श्री लेग्ड रेस में अर्पित मिश्र व जैद खान आकृति व सोमिया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए पुरस्कार प्राप्त किया। अंतिम चरण में विद्यालय की निदेशिका अलका सिंह ने आये हुए अतिथियों, सभी अभिभावको को धन्यवाद ज्ञापित किया और लेखन प्रतियोगिता तथा कला प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया तथा अपने विद्यालय में हमेशा ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

## देश और दुनिया में डिजिटल क्रांति ला रहा प्रतापगढ़ का लाल जीतेश वैश्य

**प्रतापगढ़।** अपनी डिजिटल मार्केटिंग के गुण से देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी धमक जमा चुके जीतेश वैश्य जनपद प्रतापगढ़ के भयहरण नाथ धाम के बगल गाँव कटरा गुलाब सिंह से आते हैं। प्रतापगढ़ के कटरा गुलाब सिंह में जन्मे जीतेश की प्रारम्भिक शिक्षा भी यहीं हुई। बाद में अपने माँ बाप के साथ मुंबई में जा बसे। आगे की पढ़ाई लिखाई उन्होंने वहीं की। वें मुंबई विश्वविद्यालय से बिजनेस मैनेजमेंट में ग्रैजूएट हैं। जीतेश को अभी हाल ही में गूगल ने अपने मुंबई के ऑफिस में बतौर अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। जहाँ उन्होंने विभिन्न टेक्नॉलजी पर चर्चा की, गूगल टीम से सुझाव और राय साझा किया। जीतेश बजमोर मीडिया प्राइवेट लिमिटेड नाम की एक डिजिटल मार्केटिंग व पीआर एजेंसी के संस्थापक है जो इंटरनेट मार्केटिंग, पब्लिक रिलेशन्स, मीडिया प्लेसमेंट, वेब डिजाइन एण्ड डेवलपमेंट, पर्सनल ब्रांडिंग और मार्केटिंग सहित अन्य कई सेवाएं देते हैं। इन्होंने छोटे-बड़े व्यवसायों के साथ-साथ कई इंटरनेशनल कंपनियों को भी सेवाएं दें रहें है। जीतेश की इस उपलब्धि से भयहरण नाथ धाम वासियो मे खुशी की लहर व्याप्त है।

## तालाब की मिट्टी खोदकर बेचने का आरोप, जांच के निर्देश

**प्रतापगढ़।** शिवगढ़ ब्लाक के अंतर्गत तुलसीपुर गांव में तालाब की मिट्टी को खोदकर बेचने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि प्रधान ने इससे इंकार किया है। डीसी मनरेगा ने जांच के निर्देश दिए। बताया जाता हैं कि गांव के तालाब को सुधारा आ रहा है। इसके लिए जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से मिट्टी खोदकर निकाली जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि मिट्टी को ट्रैक्टर पर लादकर किसी दूसरे के खेत में डाली जा रही हैं। इसके लिए पैसे का खेल हुआ है। इस बारे में ग्राम प्रधान शिव कुमार का कहना है कि मिट्टी बेची नहीं जा रही है, अपितु जमीन को समतल किया जा रहा। चबूतरा बनेगा। जबकि डीसी मनरेगा इंद्रमणि त्रिपाठी का कहना है कि मामला प्रकाश में आया है। जांच के लिए वीडीओ को मौके पर भेजा गया है।

## आधारकार्ड लिंक के नाम पर पैसा निकालने वाले तीन अभियुक्त धराए

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगज थाना क्षेत्र के ब्रह्मौली के पासिन का पुरवा निवासी कांती देबी पत्नी राम सिंह,अर्चना पत्नी रामबदन व सपना का बैंक ऑफ बड़ौदा ब्रह्मौली में बचत खाता खुला हुआ है। दो फरवरी 23 को उक्त तीनों खाताधारक बैंक में जाकर अपना खाता चेक कराया तो उसमें तीनो के खाता से 10-10 हजार रुपया 31 जनवरी 23 को निकला हुआ था। अपने खाता से पैसा गायब देख सभी के होश उड़ गए खाता से पैसा गायब होते देख तीनो खाताधारक ब्रांच मैनेजर अंशमान कुमार झा के पास पहुँचे और खाता से पैसा न निकालने की बात तीनो खाताधारकों ने कही, जिस पर महिलाओं ने बताया कि मोटरसाइकिल से तीन लोग घर आये थे और ई श्रम कार्ड खाता में पैसा आने के लिए तीनों महिलाओं से दो दो हजार रुपया लिया और आधारकार्ड लेकर अंगूठा लगवाया और कहा कि तुम्हारा ई श्रम खाता आधारकार्ड से लिंक हो गया। अब खाता में सीधे पैसा आ जायेगा। इसके बाद तीनों युवक बाइक से चले गए।

## खबर संक्षेप

### ब्लाक प्रमुख पुत्र ने महिला के साथ की छेड़खानी

**कौशाम्बी।** मालती देवी सोनकर जब से भगवतपुर ब्लाक की प्रमुख बनी हैं उसी दिन से उनके पुत्र अर्जुन उर्फ मिथुन सोनकर के ऊपर शासन सत्ता का नशा सवार हो गया है। शासन सत्ता का नशा सवार होने के बाद भगवतपुर ब्लाक प्रमुख पुत्र आए दिन किसी ना किसी से लड़ाई झगड़ा और छेड़खानी पर आमादा रहता है। लोगों की माने तो स्वजातीय एक सांसद का संरक्षण प्राप्त होने के कारण उक्त प्रमुख पुत्र कानूनी कार्यवाही से बच निकलता है। बीती रात 10 बजे पिपरी थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव में जाकर प्रमुख पुत्र दुकान खुलवाकर सिगरेट लिया। दुकान में मौजूद अकेली महिला को देखकर प्रमुख पुत्र महिला के साथ छेड़खानी करने लगा। महिला के द्वारा शोर मचाने पर प्रमुख पुत्र महिला और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। महिला ने युवक के खिलाफ चायल तहसील जाकर सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित सक्षम अधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देते हुए मुकदमा पंजीकृत कर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। भगवतपुर ब्लाक प्रमुख पुत्र के ऊपर पिपरी पुलिस शिकंजा कसती है या फिर स्वजातीय सांसद के दबाव में आकर पिपरी पुलिस उक्त प्रमुख पुत्र को बाइज्जत बरी करेगी।

# पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या का फूंका पुतला

## मुकदमा दर्ज कर पूर्व मंत्री की गिरफ्तारी कराए जाने की सरकार से भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस की चौपाई पर टिप्पणी करने वाले समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री वरिष्ठ नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान के बाद हिंदू संगठनों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है जगह-जगह स्वामी प्रसाद मौर्य के पुतले फूके जा रहे हैं उनके समर्थक पीटे जा रहे हैं मंझनपुर तहसील क्षेत्र के विजया चौराहे पर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के पदाधिकारियों ने स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका है। राम चरित मानस के खिलाफ जो अपमान जनित बयान पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा दिया गया मंत्री के बयान के विरोध में अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद के तत्वाधान में दिनांक 04/02/2023 को विजया चौराहा में प्रदर्शन किया गया स्वामी प्रसाद मौर्या मुदार्बाद के नारे लगाए गए और पुतला भी फूंका गया उपस्थित लोगों द्वारा सनातन धर्म की जयकारा किया गया कौशाम्बी परिषद की तरफ से सरकार से मांग की गई कि स्वामी प्रसाद मौर्या के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके उनकी गिरफ़्तारी कराई जाए उन्हें जेल भेजा जाए हिंदू समाज की भावनाओं से खिलवाड़ करने वाले स्वामी प्रसाद मौर्या पर सरकार कठोर कार्यवाही करें कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद के तमाम सनातन धर्म प्रेमी मौजूद रहे।



पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या का पुतला दहन करते अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के पदाधिकारी

### मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत अनुदान के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने अवगत कराया है कि ह्यह्यमुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजनान्तर्गत दो परियोजनाएं संचालित की जायेंगी। मनरेगा कनवर्जेन्स अथवा पट्टाधारक द्वारा स्वयं अथवा अन्य विभागों के माध्यम से सुधारे गये ग्रामसभा व अन्य पट्टे के तालाबों में मत्स्य उत्पादन के लिए प्रथम वर्ष निवेश यथा मत्स्य बीज, मत्स्य पूरक आहार, जलापूर्ति संशाधन, दवाएं, जाल आदि के क्रय पर अनुदान उपलब्ध कराया जायेंगा। मनरेगा कनवर्जेन्स अथवा पट्टाधारक द्वारा स्वयं अथवा अन्य विभागों के माध्यम से सुधारे गये ग्रामसभा व अन्य पट्टे के तालाबों में मत्स्य बीज बैंक की स्थापना हेतु स्पॉन, फ्राई, मत्स्य पूरक आहार, जलापूर्ति के संशाधन, हापा एवं जाल आदि के क्रय पर अनुदान उपलब्ध कराया जायेंगा। ऑनलाइन आवेदन दिनॉक 07 फरवरी से 16 फरवरी 2023 तक वेबसाइट पर किया जा सकता हैं। योजना में ऐसे पट्टाधारक आवेदन कर सकते है, जिनके पट्टे की अवधि में न्यूनतम 4 वर्ष अवशेष हो, आवेदक को इकाई लागत रू0 4.00 लाख प्रति हे0 पर 40 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा।

## हिंदू जागरण मंच ने विरोध कर सौंपा मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन




**कौशाम्बी।** जिले में हो रहे सनातन विरोधी कार्यो पर प्रकाश आसन की किसी प्रकार की नकेल नहीं है जिले भर में होमलैंड जेहाद के नाम पर हिंदुओं के जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। यही नहीं जिले भर में ईसाई मिशनरियों के द्वारा अवैध धर्मांतरण के लिए चंगाई सभा में चलाई जा रही हैं। वहीं मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा भी हिंदू समाज के लोगों को धन के लालच में इस्लाम धर्म स्वीकार कराया जा रहा है। जिले में ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं जिन पर अभी तक जिला प्रशासन ने कार्रवाई नहीं किया है। इसी बात को लेकर हिंदू समाज में भारी गुस्सा है उक्त बातें हिंदू जागरण के मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने शनिवार को जिला मुख्यालय में आयोजित लैंड जेहाद के विरोध में प्रदर्शन के दौरान इस मौके पर उन्होंने जिला मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर उन्होंने चायल तहसील क्षेत्र के पेरई में हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता गुड्डू पासी कि भूमि पर निसार द्वारा किए जा रहे कब्जे की बात उठाई। इसके साथ उन्होंने करारी में बने मदरसे पर आवाज उठाते हुए कहा कि यह मदरसा पूरी तरह से तालाबी भूमि पर बना है लेखपाल की रिपोर्ट के बाद भी जिला प्रशासन ने अभी तक इस पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किया। इस मौके पर उन्होंने आवाज उठाते हुए कहा कि जिले भर की मस्जिदों से सुबह से देर रात तक अजान की आवाज आती है जबकि हिंदू रूम हिंदू मंदिरों से लाउडस्पीकर को उतार लिया गया है। जिले भर में 200 जगहों में चल रही इसाई मिशनरियों की चंगाई सभाओं पर आवाज उठाते हुए कहा कि शिकायत के बाद भी यह बंद नही हो रही हैं। इस मौके पर उन्होंने जिला प्रशासन को चेतावनी देने देते हुए कहा कि यदि 7 दिनों के अंदर इस पूरे मामले में कार्रवाई नहीं की गई तो हिंदू जागरण मंच लखनऊ में मुख्यमंत्री को इस बात की शिकायत करेगा और ज्ञापन देगा इस मौके पर प्रमुख रूप से अवधेश नारायण शुक्ला, प्रकाश दुबे, सर्वेश पटेल, रजत पाण्डेय, शिखर मिश्रा, गुड्डू पासी, बुदनी पासी, चंद्र किशोर मिश्रा, गिरिश मिश्रा, सुनील पाण्डेय, शिवा, पंकज, हिमांशु, नवीन साहू, मिठाई लाल, श्रवण कुमार, झल्लर प्रसाद, राजीव, सुसील गोस्वामी, लवलेश दुबे, रवि सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 2 महीने पूर्व गायब बालिका को कस्बा चौराहे से करारी पुलिस ने किया बरामद

**खबर का हुआ असर**

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के मुकीमपुर गांव से 23 नवंबर को गांव के धर्मेंद्र कुमार पुत्र दयाराम लोध एक स्कूली छात्रा को अपने प्रेम जाल का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले गया था परिजनों को जब मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने देखा कि घर की अटैची खुली हुई है और उसमें सोने चांदी के जेवरात भी बालिका साथ में लेकर चली गई है मामले की सूचना परिजनों ने करारी पुलिस को दी पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 382/22 धारा 363/366 भा०द०वि० के तहत दर्ज कर लिया था लेकिन बालिका के गायब होने की घटना को 2 महीने बीत गए थे लेकिन गायब बालिका का सुराग पुलिस नहीं लगा पाई थी जिससे परिजन परेशान हो चुके थे।अखंड भारत संदेश हिन्दी दैनिक समाचारपत्र ने मामले को संज्ञान में लेकर 1 फरवरी के अंक में खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया जिससे करारी पुलिस अपनी हरकत में आ गई और तीन दिन के अंदर ही बालिका के परिजनों को लेकर लोकेशन के अनुसार खोजबीन करके उपनिरीक्षक अतुल श्रीवास्तव के नेतृत्व में मय हमराह महिला आरक्षी मोनिका सिंह व आरक्षी पवन बघेल के साथ कस्बा करारी चौराहे से बालिका को सकुशल बरामद कर लिया है अब आगे की कार्यवाही पुलिस कर रही है।

# साइबर जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

## भारत के प्रसिद्ध साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट डॉ. रक्षित टण्डन द्वारा साइबर अपराध के तरीकों तथा उनसे बचने के उपायों के बारे में दी गई विस्तृत जानकारी, विद्यालय में छात्र/छात्राओं को साइबर अपराधों से बचने तथा अपने किसी प्रकार की गोपनीय जानकारी न देने के संबंध में किया गया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज के निदेशों के अनुपालन में मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज की अध्यक्षता में विशेष अतिथि जिलाधिकारी कौशाम्बी व पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी की उपस्थिति में प्रसिद्ध सिद्ध साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट डॉ0 रक्षित टण्डन द्वारा साइबर जागरुकता अभियान के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट परिसर स्थित उदयन सभागार में साइबर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में उपस्थित समस्त अधिकारीगण थाना प्रभारी व विवेचकों तथा थानो पर स्थापित साइबर हेल्पडेस्क के पुलिस कर्मियो को प्रशिक्षण दिया गया तत्पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं अध्यापकों, सम्मानित नागरिकों व पत्रकार बंधुओं को साइबर क्राइम से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराते हुए ओटीपी किसी व्यक्ति को साझा न करने अनजान वीडियो का कॉल रिसीव न करने लॉटरी ईनाम के कॉल मैसेज के फ्राड होने की सम्भावना होने अनजान व्यक्ति को यूपीआई पिन न बताने किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर स्क्रीन शेयरिंग एप (जैसे एनी डेस्क क्वीक सपोर्ट टीमव्यूवर स्क्रीन मिरर आदि) अपने फोन में कभी भी इंस्टाल न करें सोशल नेटवर्किंग साइट पर होने वाले फ्राड की जानकारी दी तथा साइबर अपराध से तत्काल सुरक्षा व शिकायत दर्ज के लिए साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही साइबर फ्रॉड होने पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने हेतु गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदान की गयी वेवसाइट की भी जानकारी दी गयी तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु मुख्यालय द्वारा उपलब्ध करायें गये दिशा निदेर्शों के अनुसार भी जागरुकता को प्रचारित किया गया। थाने पर आये जनसामान्य को तत्काल शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया एवं जनपद में स्थित साइबर क्राइम सेल व समस्त जनपदीय थाना स्तर पर बनी साइबर हेस्प डेस्क पर तुरन्त सम्पर्क कर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गयी समस्त प्रकार के साइबर अपराध व उनसे बचाव के तरीकों से अवगत कराया गया व बताया गया कि किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सुरक्षित व सावधानी पूर्वक उपयोग करें व किसी के बहकावें में न आकर अपनी फोटो व गोपनीय जानकारी कभी अनजान व्यक्ति से साझा न करें तथा किसी भी तरीके के साइबर अपराध होने पर तत्काल नजदीकी थाने के साइबर हेल्प डेस्क/महिला हेल्प डेस्क पर सम्पर्क कर शिकायत दर्ज करायें जागरूकता कार्यक्रम मे उपस्थित लोगो से अपने आस-पास अधिक से अधिक लोगो को जागरूक करने का अनुरोध किया गया।






साइबर अपराध गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधीक्षक व अन्य तथा गोष्ठी में उपस्थित जिले वासी

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी ई-केवाईसी, भूलेख अंकन एवं बैंक में जाकर आधार सीडिंग अवश्य करायें

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** उप कृषि निदेशक उदयभान सिंह गौतम ने अवगत कराया कि भारत सरकार द्वारा कृषकों के सम्मान एवं प्रोत्साहन के रूप में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना संचालित किया जा रहा है। उप कृषि निदेशक ने बताया है कि जनपद में 253695 कृषकों द्वारा पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन किया गया है, जिसके सापेक्ष पात्र 212000 कृषकों को योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ निरन्तर प्राप्त करने के लिए कृषकों को ई-केवाईसी एवं भूलेख अंकन कराना अनिवार्य है। जनपद के 11627 कृषकों द्वारा अपने बैंक में आधार सीडिंग नहीं कराये जाने के कारण उनके खातों में 13वीं किस्त भारत सरकार द्वारा अवरूद्ध कर दिया जायेंगा। उन्होंने किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि पी0एम0 किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी, भूलेख अंकन एवं बैंक में जाकर आधार सीडिंग (एनपीसीआई) अवश्य करायें। जिन कृषकों द्वारा आधार सीडिंग अथवा एनपीसीआई नहीं कराया गया है, ऐसे कृषकों का खाता डाक विभाग में खोले जाने के लिए 64 ग्रामों में डाक विभाग एवं कृषि विभाग के कर्मियों के सहयोग से कैम्पों का आयोजन दिनॉक 04 फरवरी से 08 फरवरी 2023 तक प्रातः 10 बजे से सायं 04:30 बजे तक प्रत्येक कार्यलय दिवस में आयोजित किया जायेंगा। दिनॉक-04 फरवरी को विकासखण्ड कड़ा के ग्राम कनवार (उत्तरी), कोरियो में विकासखण्ड सिराथू के ग्राम तैयबपुर समसाबाद, भडेसर, विकासखण्ड सरसवॉ के ग्राम-महेवा उपरहार, अन्धावॉ, विकासखण्ड मंझनपुर के ग्राम-गुवारा तैयबपुर, ओसा विकासखण्ड कौशाम्बी के ग्राम-कोशम खिराज, नेवादा विकासखण्ड के औधन तथा मूरतगंज विकासखण्ड के काजू ग्राम व विकासखण्ड चायल के शेखपुर रसूलपुर में आयोजित किया जायेगा। दिनॉक-06 फरवरी को सरसवॉ विकासखण्ड के पूरब शरीरा, हिनौता विकासखण्ड मंझनपुर के ग्राम पाता में तथा दिनॉक-07 फरवरी 2023 को पश्चिम शरीरा, शाहपुर उपरहार में तथा मंझनपुर के भेलखा ग्राम में आयोजित होना है। उन्हांने किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि अपने-अपने बैंक खातों की एनपीसीआई के लिए अपना-अपना आधार एवं मोबाइल फोन अवश्य लेकर आयें ताकि डाक विभाग द्वारा आपका खाता खोल कर पी0एम0 किसान की 13वीं किश्त से लाभान्वित करा सकें।

### अज्ञात पुरुष की उपचार के दौरान मौत

**कौशाम्बी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र में 2/2/23 को एक अज्ञात पुरुष लगभग 30 वर्ष अचेत अवस्था मे मिला था पुलिस ने इलाज के लिए प्रयागराज के रफ्ठ में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान 3/2/23 को उसकी मौत हो गई काफी प्रयास के बाद शव की शिनाख्त नहीं हो सकी शव को शिनाख्त हेतु पुलिस ने पोस्टमार्टम में सुरक्षित रखा है।

### दुर्बल वर्ग के बच्चों के विद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमन्त्रित

**कौशाम्बी।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रकाश सिंह ने अवगत कराया है कि शासनादेशानुसार निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 की धारा 12(1)(ग) के अन्तर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा-1/पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिये जाने के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं लाटरी प्रक्रिया प्रारम्भ करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किये गये हैं। उन्होने बताया कि 03 चरणों में आवेदन किया जा सकता है। प्रथम चरण के तहत 06 से 28 फरवरी तक आवेदन किया जा सकता है एवं 12 मार्च 2023 को लाटरी निकाली जायेंगी, इसी प्रकार द्वितीय चरण के तहत 07 अप्रैल से 17 अप्रैल 2023 तक आवेदन एवं 19 अप्रैल को लाटरी निकाली जायेंगी तथा तृतीय चरण के तहत 13 मई से 23 जून 2023 तक आवेदन एवं 25 जून 2023 को लाटरी निकाली जायेंगी।

# मजबूत संगठन अटल विचाराधारा भाजपा की नींव

## स्थित काशीराम गेस्ट हाउस में भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी अपनी विचारधारा के प्रति समर्पित रहते हुए मजबूत संगठन के दम पर आज पूरे विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राजनितिक दल के रूप में अपनी पहचान रखती है। अगर आज यह संभव हो सका है कि इसके पीछे प्रत्येक कार्यकर्ता की अथक मेहनत एकमात्र करक रहा है। पिछले 1 वर्ष में जिले की भाजपा कमेटी ने मजबूत मेहनत करके संगठन को तैयार किया है जो अब पूरे जिले में दिखाई दे रहा है उक्त बातें बताओ अधिक बोलते एमएलसी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष निर्मला पासवान ने कही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया इस मौके पर प्रमुख रूप से राष्ट्रीय मंत्री व सांसद विनोद सोनकर पूर्व विधायक लालबहादुर संजय गुप्ता जिला उपाध्यक्ष चक्रेश मिश्रा धर्मराज मौर्य वेद प्रकाश सत्यार्थी संजय जयसवाल दीपचंद दिवाकर शीलू पांडे भाजपा जिला कार्यसमिति के सभी लोग मौजूद रहे। इस मौके पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने पिछले एक साल में संगठन के कार्यों में जिले की कार्यसमिति ने अपने कामों को बखूबी अंजाम दिया है। आज जिले का मजबूत संगठन अपनी पहचान रखता है अभी हाल में ही एमएलसी चुनाव में जो कि बौद्धिक वर्ग का चुनाव है उसमें भी भाजपा के प्रत्याशी के रूप में जिले से बाबूलाल तिवारी जी जीत हासिल किया है। इस मौके पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री व सांसद विनोद सोनकर ने मौजूदा सरकार के द्वारा हाल में ही प्रस्तुत किए गए बजट की चर्चा हुए करते हुए कहा कि यह बजट आम लोगों के हितों की रक्षा करता है इसके साथ देश को विकास के रास्ते में ले जाने का काम यह बजट करेगा।





कार्यक्रम को संबोधित करती एमएलसी निर्मला पासवान एवं कार्यक्रम में उपस्थित भीड़

# पेराई ग्राम पंचायत में विकास कार्य कराए बिना योजनाओं में सरकारी खजाने से निकाल ली लाखों की रकम!

**अखंड भारत संदेश**

**ग्राम पंचायत में बढ़ते भ्रष्टाचार पर योगी सरकार के अधिकारियों विधायक सांसद मंत्री से जनता चाहती है जवाब, हैंडपंप रिबोर कराए जाने के बाद खुला पाइप छोड़ देने से राजस्थान हरियाणा की तरह बोरवेल में बच्चों के गिरने की है संभावनाएं**

**कौशाम्बी।** ग्राम पंचायतों में विकास कराए जाने के नाम पर खुलेआम धांधली चल रही है लेकिन खंड विकास अधिकारी नेवादा एडीओ पंचायत एपीओ मनरेगा से लेकर विकास भवन तक के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं जिससे सरकारी खजाना बेखौफ तरीके से पंचायत के जिम्मेदार ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव लूट रहे हैं लेकिन उसके बाद भी योजना से जुड़े मॉनिटरिंग करने वाले अधिकारियों को कोई फर्क पड़ता नहीं दिख रहा है बढ़ते भ्रष्टाचार पर ब्लॉक कार्यालय से लेकर विकास भवन के अधिकारियों पर कमीशन खोरी का लगातार आरोप लग रहा है आखिर कब तक ग्राम पंचायत के विकास के नाम पर धांधली होती रहेगी और आला अधिकारी मूकदर्शक बने रहेंगे यह योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है ताजा मामला नेवादा विकासखंड के ग्राम पंचायत पेराई का है जहां कई योजनाओं में बिना कार्य कराए ही कई लाख रुपए की रकम सरकारी खजाने से निकाली जा चुकी है ग्रामीणों ने पेराई ग्राम पंचायत में हुए धांधली भ्रष्टाचार अंधेरगर्दी के मामले पर शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उच्च स्तरीय सूक्ष्म जांच कराकर दोषी पंचायत सचिव ग्राम प्रधान और खंड विकास अधिकारी नेवादा एपीओ मनरेगा एडीओ पंचायत को दंडित करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में 25 स्ट्रीट लाइट लगाए जाने के नाम पर लाखों की रकम सरकारी खजाने से निकाली गई है लेकिन महीनों बीत जाने के बाद एक भी स्ट्रीट लाइट गांव में नहीं लगी है पूरे गांव में अंधेरा रहता है हैंडपंप रिबोर के नाम पर सरकारी खजाने से मोटी रकम निकाली गई है लेकिन जब जमीनी हकीकत देखे तो हैंडपंप का रिबोर नहीं कराया गया है फर्जी बिल वाउचर के सहारे हैंडपंप रिबोर की रकम निकाली गई है ग्राम पंचायत में साफ सफाई के नाम पर खजाने से लाखों की रकम निकाली जा चुकी है लेकिन पूरे गांव में गंदगी व्याप्त है। इतना ही नहीं पेराई ग्राम पंचायत में पुलिया निर्माण के नाम पर भी लाखों की रकम पंचायत के जिम्मेदारों ने बिना पुलिया का निर्माण कराएं निकाल लिया है लेकिन गांव में कहीं पुलिया का निर्माण नहीं हुआ है सामुदायिक शौचालय बदहाली का दंश झेल रहा है लेकिन सामुदायिक शौचालय की मरम्मत सफाई के नाम पर लाखों रुपए की रकम पंचायत के जिम्मेदारों ने निकालकर डकार ली है लगातार ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार और धांधली व्याप्त है लेकिन आला अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। कौशांबी डिग्री कॉलेज से होकर निकलने वाले रास्ते की मरम्मत निर्माण के नाम पर सरकारी खजाने से लाखों रुपए की रकम निकाली गई है लेकिन कौशांबी डिग्री कॉलेज से होकर किसी सड़क की मरम्मत और निर्माण नहीं हुआ है ग्राम पंचायत में लगातार धांधली हो रही है लता देवी पत्नी स्व सुमरन सिंह के घर के पास हैंडपंप का रिबोर कराए जाने के नाम पर बोर पाइप डालकर खुला छोड़ दिया गया है जिससे राजस्थान हरियाणा की तरह यहां भी बोरवेल में बच्चों के गिरने की प्रबल संभावनाएं हैं हालांकि कागज में हैंडपंप का रिबोर पूर्ण दिखा दिया गया है यदि बोरवेल में किसी बच्चे के गिरने से मौत हो गई तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा आखिर कब तक पेराई ग्राम पंचायत में धांधली चलती रहेगी इस सवाल का जवाब गांव की जनता योगी सरकार के मंत्री विधायक सांसद और अधिकारियों से चाहती है लेकिन ग्राम पंचायत में बढ़ते भ्रष्टाचार पर कोई भी जुबान खोलने को तैयार नहीं है।

# डीएम एवं एसपी ने तहसील सिराथू में सुनी जनशिकायतें

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील सिराथू में आमजन की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिये जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों को डिफाल्टर होने से पूर्व ही निस्तारित किया जाय तथा शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित किया जाय एवं शिकायतकर्ता से अवश्य सम्पर्क किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 94 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।



समाधान दिवस में शिकायतकर्ता केशलाल सोनकर, निवासी ग्राम-चक बख्तियारा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा उनकी भूमि पर जबरन निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, सिराथू को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार प्रार्थी सलाहउद्दीन (ग्राम प्रधान) सयारा मीठेपुर द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि ग्रामसभा की भूमि पर गांव के ही दबंग व्यक्तियों द्वारा कृषि कार्य किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, सिराथू को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी राहुल देव भट्ट एवं क्षेत्राधिकारी डॉ0 कृष्ण गोपाल सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## संपादकीय

## जानलेवा होते आवारा पशु : सरकार मूकदर्शक

**निर्मल रानी**

**हमारे** देश में सड़कों,मुख्य मार्गों,गलियों,चौराहों यहाँ तक कि रेलवे लाईन व रेलवे स्टेशंस तक पर आवारा पशुओं का विचरण करना कोई नई बात नहीं है।परन्तु निश्चित रूप से जिस तरह मानव जनसँख्या में वृद्धि हो रही है उसी तरह पशुओं की संख्या भी दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है। परन्तु पशुओं के पालन पोषण में व्यावसायिक दृष्टिकोण होने के चलते प्रायः पशु पालक इन पशुओं से तब तक ही अपना संबंध रखते हैं जब तक कि वे अपने मालिक के लिए कमाई का साधन हैं। जैसे ही कोई गाय दूध देना बंद करती है या कोई घोड़ा खच्चर बोझ उठाना या रेहड़ा घसीटना बंद करता है या बोझ उठाते उठाते बूढ़ा अथवा घायल हो जाता है उसी समय उसका स्वामी ऐसे पशुओं को बाहर का रास्ता दिखा देते है और वही जानवर अनियंत्रित होकर सड़कों पर फिरने लगते हैं। इसके अतिरिक्त यदि किसी पालतू गाय ने बछड़ा पैदा किया है तो अधिकांश गौ पालक उस नवजात बछड़े को भी फौरन बाहर निकाल देते हैं और बछड़े के हिस्से का दूध या स्वयं पीते हैं या उसे बेच देते हैं। शहरों में अनेकानेक गौपालक ऐसे भी हैं जो सुबह सुबह अपनी गाय का दूध निकालकर उसे घर से बाहर निकाल देते हैं। और यही गायें सारा दिन आस पास के गली मुहल्लों में दरवाजे दरवाजे भटकती रहती हैं। और गौभक्त लोग पुण्य अर्जित करने के लिये अपने दरवाजे पर दस्तक दे रही गायों को रोटी आदि देकर उसका पेट भरते हैं। बड़ा आश्चर्य है कि जिस भारतीय समाज में अयोध्या,बृन्दावन,हरिद्वार जैसे धर्मस्थान बुजुर्ग लोगों,विधवाओं,असहाय व अनाश्रित लोगों से भरे पड़े हों,जिस देश में वृद्धाश्रम 'हॉउस फुल ' रहते हों,लोग अपने बूढ़े मां बाप, दादा दादी के सेवा कर पाने में असमर्थ हों, ऐसी मानसिकता रखने वाले समाज से सरकार यदि यह उम्मीद करे कि वे बूढ़ी और बिना दूध देने वाली गायों की अंत तक परवरिश करे या उस बछड़े को दूध पिलाये जिससे कभी कुछ फायदा ही नहीं मिलना अथवा किसी बूढ़े घोड़े-खच्चर को बेवजह पाले तो यह कैसे संभव है ? सरकार ने 'गौवंश' की रक्षा के नाम पर जबरदस्त तरीके से चुनावी कार्ड खेलकर केंद्र से लेकर विभिन्न राज्यों तक की सत्ता तो झटक ली परन्तु इनकी सुरक्षा व इनसे सुरक्षा के नाम पर कोई कारगर योजना नहीं बनाई गयी। यही वजह है कि आज पूरे देश में एक ही दिन में दर्जनों दुर्घटनायें हो रही हैं। कहीं सड़कों पर अनियंत्रित गौवंश वाहनों से टकरा रहे हैं और बड़ी दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। कहीं कोई पशु अचानक अनियंत्रित होकर दौड़ता हुआ किसी भी वाहन या व्यक्ति से टकराकर लोगों की जान ले रहा है। कोई किसी को अपनी सींग से मार मार कर उसकी जान ले रहा है। बिजली के खंबों पर लगे तमाम बिजली रीडिंग मीटर इन्हीं पशुओं ने अपनी गर्दन व सींग से रगड़कर तोड़ फोड़ कर गिरा दिये हैं,कई जगह करंट लगने से भी ऐसे ही पशुओं की मौत हो चुकी है। परन्तु सरकार केवल गौ रक्षक होने के अपने दावे पर ही इतरा रही है। प्रायः ऐसे अनियंत्रित छुट्टा पशुओं से दुखी व आतंकित किसान व ग्रामीण अपनी व्यथा भी बयान करते रहते हैं कि किस तरह महीनों तक सारी सारी रात जागकर ऐसे आवारा पशुओं के झुण्ड से वे अपनी फसल को बचाते हैं।

## इति श्री चमचा महाकाव्या

**रामविलास जांगिड़**

**चमचा** महाकाव्य की गति जोरों पर है। इसे समझने पर संसार के सभी दुखों का नाश हो जाता है। चमचा- संस्कृत धातु चम् से चम्मच की व्युत्पत्ति लगती है। चम् धातु में पीना, कण्ठ में उतारना, गटकना, एक सांस में चढ़ाना, चाटना, पी जाना, सोखना जैसे भाव हैं। चम् धातु में दृष्य तौर पर चाटने एवं चाटते रहने का भाव भी छुपा है। रीढ़ की हड्डी विहीन विशिष्ट जंतु! देश में ऐसे लोगों को सम्मान भाव की दृष्टि से निहारा जाता है। इन सभी गुणों से युक्त जीव को चमचा कहकर उसका स्तुति गान किया जाता है। चमचागिरी- जिसके ऊपर दलाल की कृपा होती है। वह जो किसी दूसरे के थूके हुए हो चाटने की कलाकारी में सिद्ध पुरुष बन जाता हो। ऐसे सिद्ध पुरुष को चमचागिरी का ताज दिया जाता है। चमचाइन- चमचोपनिषद में वर्णित सभी मंत्र, सिद्धांत, व्याख्यान आदि को आत्मसात करने वाली भद्र महिला को चमचाइन कहते हैं। ऐसी किसी भी अन्य महिला को भी चमचाइन कहा जाता है, जो किसी ख्याति प्राप्त लब्ध प्रतिष्ठित चमचे की पत्नी हो। चम्मू- चमचा व चमचाइन आपस में एक दूसरे को प्यार से चम्मू कहकर पुकारते हैं। चमचा एवं चमचाइन के एकदम निजी क्षणों में उपयोग में लिया गया संबोधन शब्द। चमचालोजी- चमचापंथी कला एवं विज्ञान का समन्वित शास्त्र है। इस शास्त्र का विधिवत सिद्धांतिक एवं प्रायोगिक अध्ययन जिस विषय में करवाया जाता हो। चमचालेज- किसी भी मंत्री व नेता का ऐसा स्थान जहां दलालों की उपस्थिति में चमचों को विधिवत प्रशिक्षण दिया जाता हो। चमचार्पण- किसी भी सौदेबाजी, कार्यक्रम अथवा दुर्घटना में चमचे लोगों द्वारा दलाल एवं नेताओं को समर्पित की जाने वाली केस-काइंड आदि निधि अंश को चमचार्पण कहा जाता है। चमचालय- जिस स्थान पर भिन्न-भिन्न प्रकार के चमचे भिन्न-भिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इकट्ठे होते हैं। सभी राजकीय कार्यालय। चमचोपनिषद- चमचों से संबंधित ज्ञान, विज्ञान, कला, साहित्य, संस्कृति, दर्शन, धर्म, अध्यात्म, गणित आदि से ओत-प्रोत विभिन्न विषयों के समूहों को चमचोपनिषद कहा गया है। चमचोबिया- भक्ति की अंधता में लीन जब किसी जंतु में चमचे जैसे लक्षण पाए जाते हैं, तो उसे चमचोबिया से पीड़ित समझा जाता है। यह एक ऐसा रोग है जो अंधभक्ति से शुरू होता है। इस रोग में जातक स्वयं ही अपना थूक चाटता है और फिर उसे थूक देता है। थूकन को पुनः पुनः चाटने लगता है। चमचोन्नति- चमचे का पदक्रम में उन्नति पाकर क्रमशः दलाल, नेता व मंत्री हो जाना। चमचोत्सव- विभिन्न प्रकार के चमचों का इकट्ठे होकर दलाल व नेता की स्तुति में मनाया गया उत्सव। चमचासन- अपने इष्ट के सामने एक विशिष्ट आसन भंगिमाएं बनाना। तलवे चाटते हुए, स्तुति गायन, थूकन-चाटन करने आदि से संबंधित विभिन्न मनः शारीरिक परिस्थितियों को चमचासन कहते हैं। चमचाधिराज- किसी भी पार्टी के आलाकमान, कॉरपोरेट जगत के हाईफाई हेड, सरकारी कार्यालय के चीफ ऑफिसर आदि को इस उपाधि से अलंकृत किया जाता है। इन्हें अनेक चमचे, अनेक ढंग से, स्तुति गान से रिझाते हैं।

# उम्मीदों पर खरा उतरता बजट

**योगेश**

**सबसे** लंबा बजट भाषण देने, परम्परा में बदलाव और पेपरलेस बजट जैसे कई रिकॉर्ड कायम करने के बाद वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एक फरवरी को अपना पांचवां आम बजट पेश किया। यह बजट मोदी सरकार का 11वां और केन्द्र सरकार के मौजूदा कार्यकाल का पांचवां बजट था। इस बजट पर पूरे देश की नजरें केन्द्रित थी क्योंकि आम आदमी को इस बजट से ढेर सारी उम्मीदें थी। दरअसल माना जा रहा था कि इस वर्ष होने जा रहे कई विधानसभा चुनावों के साथ-साथ अगले वर्ष लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बजट में आम जनता के लिए राहतों का पिटारा खोला जाएगा और ये उम्मीदें बेकार भी नहीं गई। सरकार ने 45 लाख करोड़ रुपये के खर्च का जो बजट प्रस्तुत किया है, उसमें सरकार की पावतियां केवल 23.3 लाख करोड़ रुपये की ही होंगी और इस भारी-भरकम घाटे को पूरा करने के लिए सरकार विनिवेश के जरिये करीब 51 हजार करोड़ रुपये की धनराशि जुटाएगी जबकि उसे 15 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा के बाजार से ऋण लेने पड़ेंगे। बाकी की कमी को लघु बचतों के जरिये पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। बजट के प्रावधानों को देखते हुए प्रतीत होता है कि सकल विकास वृद्धि में बढ़ोतरी के लिए करीब 10 लाख करोड़ रुपये की धनराशि पूंजीगत खाते से खर्च करके सरकार देशभर में रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ-साथ औद्योगिक उत्पादन को भी बढ़ावा देना चाहती है। छोटे और मध्यम उद्योगों को शुल्क ढ़ांचे में रियायतें प्रदान कर सरकार यह भी सुनिश्चित करना चाहती है कि अपने उत्पादन को बढ़ाने के साथ-साथ यह क्षेत्र रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती में भी सहभागी बने।इस बार के केन्द्रीय बजट में विभिन्न क्षेत्रों को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण आम जनता को आयकर दरों में राहत दिया जाना है। दरअसल बहुत लंबे समय से आयकरों दरों में बदलाव की मांग की जा रही थी। नई कर व्यवस्था में आयकर सीमा में छूट को पांच लाख से बढ़ाकर सात लाख किए जाने से न केवल छोटे करदाताओं को बहुत बड़ी राहत मिलनी तय है, वहीं इससे मिशन 2024 मोड में जुटी भाजपा को सीधा फायदा मिलेगा। हालांकि पुरानी कर व्यवस्था भी लागू रहेगी जिसके तहत अभी भी 80सी, पीएफ, आवासीय कर्ज के मूलधन और ब्याज के भुगतान इत्यादि पर छूट हासिल की जा सकती है, जो नई कर व्यवस्था में नहीं मिलेगी लेकिन इस छूट के बगैर भी सात लाख तक की आय का करमुक्त होना करोड़ों करदाताओं को सीधे तौर पर लाभान्वित करेगा। इस वर्ष से इस नई कर व्यवस्था को डिफॉल्ट व्यवस्था बना दिया गया है। दरअसल करदाताओं को पुरानी कर व्यवस्था से नई कर व्यवस्था को अपनाने के लिए प्रेरित करना सरकार के लिए बड़ी चुनौती रही क्योंकि तमाम अपीलों के बावजूद अधिकांश लोगों ने इसे नहीं अपनाया था। बजट में महिलाओं और बुजुर्गों का भी खास ध्यान रखने का प्रयास किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों की बचत सीमा को 15 लाख से बढ़ाकर 30 लाख रुपये करने, गैर सरकारी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अवकाश नकदीकरण पर मिलने वाली छूट को 3 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने की घोषणा, महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट की घोषणा इत्यादि सियासी दृष्टिकोण से भाजपा के प्रति सकारात्मक माहौल में वृद्धि करने में सहायक साबित हो सकती हैं।

बजट में कई ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय हैं, जो स्पष्ट तौर पर इस बार के बजट में भाजपा सरकार की ओर से राजनीतिक संदेश देते प्रतीत होते हैं। देश के 80 करोड़ लोगों को जनवरी 2024 तक मुफ्त अनाज योजना भाजपा की सबसे महत्वाकांक्षी योजना है, जो 2022 के विधानसभा चुनावों में भी उसके लिए कुछ राज्यों में गेमचेंजर साबित हो चुकी है और विरोधी भी मानते रहे हैं कि भाजपा को इस योजना का बड़ा सियासी लाभ मिलता रहा है।



गरीबों के लिए चलाई जा रही इस योजना के अलावा आवास योजना, पेयजल योजना और आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना इत्यादि के आवंटन में बड़ी वृद्धि, आदिवासियों के लिए 15 हजार करोड़ की नई योजना, व्यक्तिगत करदाताओं के लिए नई कर व्यवस्था इत्यादि कई ऐसी घोषणाएं हैं, जो देश के निम्न और मध्यम आय के लोगों को भी आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना तो मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है, जिसके लिए 2022-23 के बजट में 48 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया था लेकिन इस बार के बजट में उसे 66 फीसदी बढ़ाकर सरकार ने इस योजना के लिए 79500 करोड़ रुपये आवंटित करने की घोषणा की है। इस योजना के तहत 2024 तक करीब 2.94 करोड़ गरीब लोगों को घर मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है। वैसे सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2.94 करोड़ में से 2.12 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है और ये घर गरीबों को सौंपे भी जा चुके हैं। जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारने और उनके निवास स्थल को बुनियादी सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह विकास मिशन की घोषणा करते हुए इसके लिए 15 हजार करोड़ रुपये का खाका पेश किया गया है। ऐसे में अनुसूचित जातियों-जनजातियों वाले मतदाता क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान दिए जाने की झलक बजट में नजर आ रही है। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत अभी तक देशभर में करीब साढ़े चार करोड़ गरीब लोग मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ उठा चुके हैं। इस योजना में आवंटन को पिछले साल के 6457 करोड़ रुपये के बजट से बढ़ाकर 7200 करोड़ कर दिया गया है। इस वित्त वर्ष में प्रधानमंत्री किसान सम्मान के लिए 60 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया जा चुका है और पीएम-किसान के तहत 11.4 करोड़ किसानों को अभी तक 2.2 लाख करोड़ रुपये का नकद हस्तांतरण भी किया जा चुका है। जल जीवन मिशन के लिए बजट को पिछले साल की तुलना में 60 हजार करोड़ से बढ़ाकर 70 हजार करोड़ रुपये किया गया है, जिसके तहत 2024 तक देश के सभी 20 करोड़ परिवारों तक पीने का साफ पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार के मुताबिक 2019 तक केवल तीन करोड़ परिवारों को ही पीने का साफ पानी उपलब्ध था लेकिन जल जीवन मिशन के तहत अभी तक करीब 11 हजार करोड़ परिवारों लोगों को पीने का साफ पानी मुहैया कराया जा चुका है। स्किल इंडिया मिशन के तहत बजट में डिजिटल प्लेटफार्म की घोषणा की गई है। डिजिटल प्लेटफार्म के जरिये उद्यम और रोजगार की ट्रेनिंग देने, नियोक्ताओं तक युवाओं की सीधी पहुंच बढ़ाने को लेकर इस प्लेटफार्म के जरिये होने वाला कार्य लाखों युवाओं के बीच भाजपा के प्रति समर्थन बढ़ाने में सहायक हो सकता है। देशभर में इस योजना के विस्तार की घोषणा के मद्देनजर डिजिटल प्लेटफार्म से बड़ी संख्या में युवा लाभान्वित हो सकते हैं। इसके अलावा डिजिटल लाइब्रेरी के साथ शिक्षकों की ट्रेनिंग की घोषणा भी सरकार के प्रति युवाओं में सकारात्मक माहौल बनाने में मददगार हो सकती है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के बजट में भी पिछले बजट 5943 करोड़ रुपये की तुलना में करीब तीन गुना बढ़ोतरी की गई है। आधारभूत ढांचागत क्षेत्र के विकास से लेकर प्रदूषण मुक्त ऊर्जा तथा ईंधन के क्षेत्र को खास वरीयता दी गई है। दरअसल सरकार का लक्ष्य इन क्षेत्रों में निवेश बढ़ाकर भविष्य की मुश्किलों को आसान करना और भावी पीढ़ी को सुरक्षित ऊर्जा स्रोत उपलब्ध कराना है। किसानों को अधिक धन उपलब्ध कराने के लिए बजट में 20 लाख करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने की योजना घोषित करके सरकार ने कृषि क्षेत्र को विविधीकरण के जरिये ज्यादा आय अर्जित करने के लिए उद्यत किया है और किसानों की नई पीढ़ी को कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया है। मनरेगा के लिए पिछले बजट में 73 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे लेकिन इस साल यह घटाकर 60 हजार करोड़ कर दिया गया है। फिर भी कुल मिलाकर मोदी सरकार के वर्तमान कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट पूरी तरह से चुनावी चाशनी में डूबा संतुलित बजट है।

> डिजिटल प्लेटफार्म के जरिये उद्यम और रोजगार की ट्रेनिंग देने, नियोक्ताओं तक युवाओं की सीधी पहुंच बढ़ाने को लेकर इस प्लेटफार्म के जरिये होने वाला कार्य लाखों युवाओं के बीच भाजपा के प्रति समर्थन बढ़ाने में सहायक हो सकता है। देशभर में इस योजना के विस्तार की घोषणा के मद्देनजर डिजिटल प्लेटफार्म से बड़ी संख्या में युवा लाभान्वित हो सकते हैं

(पीएमपीवीटीजी)

# गरीब,किसान और ग्राम कल्याण का चुनावी बजट

**प्रमोद भार्गव**

**विशुद्ध** रूप से यह चुनावी बजट है। इस साल 9 राज्यों में चुनाव होने हैं। इसके ठीक 5 माह बाद आम चुनाव है।नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह पूर्ण बजट है।इसलिए यह बजट हर वर्ग के व्यक्ति के लिए रियायती बजट है।आयकर में 7 लाख तक कि छूट देकर नौकरीपेशा बड़ी राहत का अनुभव कर रहे हैं। क्योंकि 5 साल में यह राहत पहली बार मिली है।लेकिन कोरोना के बाद जिस तरह से खानपान जैसी हर वस्तु में कर के प्रावधान किए गए हैं,उससे तय है कि प्रत्यक्ष कर के रूप में दी जाने वाली अप्रत्यक्ष कर के रूप में वापस ले लेगी।इस प्रावधान के चलते बचत के रूप में बैंक और डाकघरों में भी राशि ज्यादा जमा होगी।इसी दौरान घरेलू गैस और रेल सुविधा पर जो सब्सिडी मिलती थी,वे सब सरकार ने लगभग खत्म कर दी हैं,इसलिए यह प्रत्यक्ष लाभ देना चुनावी साल में देना जरूरी था।बावजूद यह बजट गरीब ,किसान,मजदूर और ग्राम के लिए कल्याणकारी है।इस बजट में 80 करोड़ 35 लाख लोगों को एक साल के लिए मुफ्त अनाज देने का दो लाख करोड़ से ज्यादा का बजट प्रावधान कर दिया है।मोटे अनाज, जैविक कृषि से लेकर किसान को डिजिटल प्रशिक्षण और डिजिटल शिक्षा व पुस्तकालय के प्रबंध किए हैं।गोया यह बजट अनुशासित होने के साथ राजनीति और अर्थनीति के बीच आश्चर्यजनक संतुलन पैदा करने वाला बजट है।इसमें चतुर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने चुनावी रेवड़ियां भी बांट दीं और अर्थव्यवस्था को नुकसान भी नहीं होने दिया। केंद्र सरकार गरीबों को पूरी तरह निशुल्क अनाज देने का प्रबंध करके ऐसा चुनावी दांव चल दिया,जिसकी काट विपक्ष के पास नहीं है।सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि एक साल,यानी दिसंबर 2023 तक बढ़ाकर पेट की भूख से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत दी है। यह योजना दिसंबर 2022 को समाप्त हो रही थी।हालांकि फिलहाल चल रही इस योजना में सस्ती दरों पर अनाज राशन की दुकानों पर उपलब्ध कराया जाता था।इसमें चावल तीन रुपए किलो,गेहूं दो रुपए और मोटा अनाज एक रुपए किलो दिया जा रहा था। यह अनाज पूरी तरह मुफ्त होगा।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के के अंतर्गत अभी तक गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन कर रहे सामान्य परिवारों को प्रतिव्यक्ति पांच किलो अनाज हर महीने निशुल्क दिया जाता है। जबकि अंत्योदय वर्ग के उपभोक्ताओं को अनाज की यह मात्रा सात किलो प्रति व्यक्ति होती है।मसलन प्रत्येक सामान्य परिवार को 25 किलो और अंत्योदय परिवार को 35 किलो अनाज हर महीने दिया जा रहा है।कुल मिलाकर 81.35 करोड़ लोगों को रियायती दरों पर अनाज दिया जा रहा है।इस सुविधा पर दो लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे।मुफ्त अनाज 2023 में नौ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में लाभदायी है।इन राज्यों में पूर्वोत्तर के मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा और मिजोरम के अलावा मध्यप्रदेश, राजस्थान,छत्तीसगढ़ ,कर्नाटक और तेलंगाना जैसे बड़े राज्य भी शामिल हैं।इसके बाद 2024 मई जून में लोकसभा के चुनाव भी होना है।यानी भाजपा इन राज्यों में विजयश्री हासिल कर लेती है तो इस मुफ्त योजना को 2024 के लिए भी बढ़ाया जाना तय है। कोरोना महामारी के दौरान जब काम-धंधे पूरी तरह बंद हो गए थे, तब रोज कुआं खोदकर प्यास बुझाने वाले लोगों के लिए भोजन का संकट गहरा गया था। अतएव भारत सरकार ने गरीबों को राहत पहुंचाने की दृष्टि से पूर्व से मिल रहे सस्ते अनाज के अतिरिक्ति पांच किलो मुफ्त अनाज देने की व्यवस्था तीन महीने के लिए शुरू की थी। उम्मीद थी कि तीन माह बाद कोरोना का प्रकोप खत्म हो जाएगा। लेकिन इसका सुरसा-मुख लंबे समय तक खुला रहा। इसलिए इस अवधि को क्रमशः बढ़ाया जाता रहा।ग्रामीण अर्थव्यवस्था में प्राण फूंकने और अनिश्चित आय वालों के लिए यह अन्न योजना संजीवनी का काम करेगी।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून पूरे देश में लागू है।गरीबों अथवा भूखों को मिले इस सस्ते अनाज के अधिकार को इस कानून का उज्जवल पक्ष माना जाता है। लेकिन इतनी बड़ी संख्या में देश के लोग भूखे हैं, तो यह चिंता का विषय है कि आजादी के अमृत महोत्सव में भी यह भूख क्यों बनी हुई है। अतएव सरकार ने मोटा अनाज पैदा करने के लिए जो प्रोत्साहन के प्रावधान किए हैं,उनमें यदि मध्यान्ह भोजन और मुफ्त अनाज योजनाओं के लिए किसान से मोटा अनाज खरीद कर भोजन के प्रबंध कर दिए जाएं तो किसान वास्तव में ज्वार,बाजरा, रागी,मक्का जैसी फसलें पैदा करने लग जाएगा।



# धर्मपत्नी और व्यंग्य की बेकद्री !

**सुनील कुमार महला**

> वे मानतीं हैं कि अखबार रोटियाँ लपटने का मुख्य स्त्रोत हो गए हैं। हमारी धर्मपत्नी जी कल हमारे खासमखास रामलुभाया जी को एक हॉकर से अखबार खरीदते देखकर स्तब्ध रह गई। वो हमसे कहने लगीं-' अजी ! सुनते हो, वो आपके रामलुभाया जी के लिए तो काला अक्षर भैंस बराबर है

**कहा** गया है-'वाइफ इज लाइफ'। यदि लाइफ हैप्पी तो इसका मतलब है कि वाइफ हैप्पी है। लेखकों के लिए सबसे बड़ी दुविधा यह है कि उनकी वाइफ कभी भी हैप्पी नहीं होती। और इस अनहैप्पीनेस का वास्तविक कारण है पतियों का लेखन विधा में तल्लीन होना। आजकल यह लेखक व्यंग्य विधा में अपनी लेखनी आजमा रहा है। व्यंग्य लिखने के लिए दिमाग के घोड़े दौड़ता है तो घोड़े दौड़ने की बजाय ऐसे बैठ जाते हैं, जैसे चुनावों में मात्र अपना वोट पाने वाले उम्मीदवार विपक्षी उम्मीदवार से पैसा खाकर बाइज्जत बैठ जाते हैं। खैर, यहाँ बात वाइफ के अनहैप्पी रहने की चल रही है।

वैसे तो अनहैप्पीनेस के चक्कर में इस लेखक का कोई आर्टिकल कहीं छपता ही नहीं है लेकिन यदि भूले-बिसरे इस लेखक का कोई आर्टिकल कहीं छपता है तो लेखक अखबार की कटिंग ऐसे संजो कर अपने पास रखता है, जैसे शराबी शराब की बोतल को हमेशा अपनी अंटी में दबाकर रखता है। विडंबना यह है कि हमारी धर्मपत्नी हमारे अखबार में छपे आर्टिकल्स को रसोई साफ करते वक्त या तो रसोई की टांड पर बिछा देती है, तो कभी सब्जियाँ छीलते वक्त सब्जियों के छिलकों से अखबार को सरोबार कर देती है। दरअसल, हमारी बड़ी समस्या यह है कि हमें वाइफ को हैप्पी रखने का फंडा नहीं आता और हमें यह लगता है कि यह प्रोब्लम अकेले इस लेखक की नहीं है, अपितु सारे जहाँ के लेखकों की है। बहरहाल, पत्नियों के लिए हर लेखक पति परम फालतू चीज हैं। अधिकतर पत्नियां इस मत की हैं कि सोशल मीडिया के इस दौर में आजकल व्यंग्य को पढ़ता कौन है वैसे भी अखबार पर लोग पकौड़े, जलेबियाँ, बर्गर, पिज्जा, वड़ा पाव और न जाने क्या-क्या खाद्य पदार्थ रखकर खाते हैं।

वे मानतीं हैं कि अखबार रोटियाँ लपटने का मुख्य स्त्रोत हो गए हैं। हमारी धर्मपत्नी जी कल हमारे खासमखास रामलुभाया जी को एक हॉकर से अखबार खरीदते देखकर स्तब्ध रह गई। वो हमसे कहने लगीं-' अजी ! सुनते हो, वो आपके रामलुभाया जी के लिए तो काला अक्षर भैंस बराबर है लेकिन वो रोज अखबार खरीदते हैं और रोटियाँ लपेटकर रोजाना अपने खेत चले जाते हैं। तुम यूं ही व्यंग्य लेखन में अपना कीमती टाइम खराब करते हो। तुम तो व्यंग्य लेखन में इतने तल्लीन रहते हो कि तुम्हें मेरा व अपने बच्चों तक का ख्याल नहीं रहता। समय पर रोजमर्रा के काम भी तुमसे टाइम पर नहीं निपटते। दिन का डेढ़ बज रहा है और आज तो तुम नहाये भी नहीं हो और उधर देखो तुम्हारे खासमखास को जो रोज नहाकर फ्रेश अखबार में रोटियाँ लपेटकर कब के अपने खेत जा चुके। और हां, वो तुम्हारे मित्र तोताराम जी हैं न, शाम को घूमने जाते समय अखबार में 'चना जोर गरम' लपेटकर खाते हैं। उन्हें अपने स्वास्थ्य की बेहद चिंता है। वो पास में पापड़ बेचने वाला पापड़राम अखबारों का सही उपयोग करता है और परिवार चलाने के रोज सड़क किनारे पापड़ बेचता है। आजकल सरकार ने पॉलीथीन पर रोक लगा दी है। तुम जिस अखबार में व्यंग्य लिखते हो, उसके लिफाफे बनाकर परचून वाली दुकानों का अच्छा काम चल रहा है। तुम्हारे लेखन को पूछ कौन रहा है यह लेखक धर्मपत्नी जी की बातें सुनता रह गया, तभी इस लेखक का बड़ा बेटा अखबार में छपे हमारे लेटेस्ट व्यंग्य पर ढ़ाई सौ ग्राम मूंगफली लेकर आया और मजे से खाने लगा। हम मूंगफलियों और अपने पुत्र की ओर कम, हमारे आर्टिकल की बेकद्री की ओर अधिक देख रहे थे।

## गैर, गेरुआ और गरियाना

**डॉ. सुरेश कुमार**

**गुरु** जी वह बंदा तो अपने ही धर्म का था। उसने गेरुए कपड़े पहनकर मानो हमारे सनातन धर्म का मजाक बना दिया। फिर किसी फिल्म में मैंने देखा कि अभिनेता गेरुए कपड़े पहनकर अभिनेत्री के साथ अश्लील डैंस कर रहा है। मानो बिना गेरुआ हुए उनका नाच अंडरग्राउंड हो जाता है। गेरुआ न हुआ चुल मचाने का शगल हो गया। - शिष्य ढुलमलुदास ने कहा। गुरु ठनठनलाल ने कहा झ्र देखो बेटा ढुलमुल गेरुआ का मजाक अपने धर्म के लोग उड़ाए तो कोई बात नहीं है। गैर-धर्म के लोग उड़ाए तो हमें उसका विरोध करना चाहिए। इसी को मसाला कहते हैं। मसाले से सादी दाल हो या सब्जी सब चटपटी बन जाती है। अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए हलचल करनी चाहिए। शिष्य ढुलमुलदास गुरु को कन्फ्यूजियाने के लिए पूछा - वह तो ठीक है गुरु जी गैर-धर्म के लोग गेरुए रंग का मजाक कभी बेशर्म रंग कहकर तो कभी मुझे रंग दे गेरुआ गाकर उड़ाते हैं। लेकिन यही मजाक अपने धर्म के लोग भी अपने तरीके से उड़ाते हैं। क्या अपने धर्म के लोग इसका मजाक इसलिए उड़ा सकते हैं क्योंकि उनके दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आँख, एक नाक, एक मुँह है। यदि यही बात है तो गैर धर्म के लोग हमसे अलग कैसे हैं? गुरु ठनठनलाल ने लंबी साँस खींचते हुए कहा - बेटा सवाल तो तुमने बढ़िया पूछा। किंतु तुमने इस पर शोध नहीं किया। कहने को तो गैर-धर्म के लोगों के दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आँख, एक नाक, एक मुँह तो होते हैं लेकिन हमसे अलग।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आए कुल 119 मामले राजस्व से संबंधित रहे सबसे अधिक 27 मामले



**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव । सफीपुर** में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम श्रीमती अपूर्वा दुबे व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना द्वारा फरियादियों की समस्याएं सुनीं गईं। जिसमें राजस्व विभाग की 27, पुलिस विभाग की 17, समाज कल्याण विभाग की 16, विकास विभाग की 19, चिकित्सा विभाग की 2, शिक्षा विभाग की 3, विद्युत विभाग की 9, पूर्ति विभाग की 6 एवं अन्य विभागों की 20 सहित कुल 119 शिकायतें प्राप्त हुई। समस्त शिकायतों का अधिकारियों ने संज्ञान लिया। जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली ज्यादातर शिकायतों की पुनरावृत्ति हो रही है। शिकायतों के निस्तारण में जिम्मेदार स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। तथा यह भी ध्यान रखा जाए कि शिकायत कर्ता पूर्ण रूप से संतुष्ट हो। शिकायत कर्ता के संतुष्ट ना होने की स्थिति में शिकायत का निस्तारित नहीं माना जाएगा। शिकायत से संबंधित अधिकारी, कर्मचारी, जिम्मेदार निस्तारण करते समय शिकायत कर्ता के संपर्क में अवश्य रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उन्हें अविलम्ब गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित कराना सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सत्य प्रकाश, डीएफओ ईशा तिवारी, उप निदेशक कृषि डॉ0 मुकुल तिवारी, उप जिलाधिकारी सफीपुर शिवेन्द्र कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी सफीपुर माया राय सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे। इसी प्रकार बांगरमऊ तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ऋषि राज समेत जनपद की अन्य तहसीलों में भी संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याओं पर सुनवाई की गई।

# भरत मन्दिर में गन्दगी से श्रद्धालु परेशान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। करोडों** की लागत से भरतकूप में भरत मन्दिर का निर्माण हो रहा है। भरतकूप स्थित भरत मन्दिर की साफ-सफाई प्रधान की उदासीनता से नहीं हो रही। जलभराव एवं गन्दगी से यहां आने वाले श्रद्धालु खासे परेशान होते हैं।

शनिवार को भरतकूप स्थित भरत मन्दिर का निर्माण करोडों रुपये की लागत से श्रद्धालुगण करा रहे हैं। भरत मन्दिर के महंत ने बताया कि 18 फरवरी को भरत मन्दिर का पुनरोद्धार करने अयोध्या से संत-महंत चित्रकूट पधार रहे हैं। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भरत मन्दिर लाने को वातार्लाप जारी है। सम्भावना है कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी 18 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व पर तीर्थक्षेत्र भरतकूप आ सकते हैं।

उन्होंने बताया कि करोडों की लागत से निमार्णाधीन भरत मन्दिर में प्रधान की उदासीनता से साफ-सफाई नहीं हो रही है। भरतकूप में सफाई कर्मी होने के बाद भी यहां कोई सफाई नहीं की जा रही है। इससे श्रद्धालुगणों को गन्दगी के आलम में खासी परेशानी उठानी पड रही है। भरत मन्दिर के आसपास गन्दगी का अम्बार लगा है तथा जलभराव से भी लोग परेशान हैं। प्रशासन की अनदेखी का खामियाजा श्रद्धालुगणों को उठाना पड रहा है।

# जानलेवा हमले के आरोपी को तमंचा समेत दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। पुलिस** अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर मऊ थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा मेवालाल मौर्य ने जानलेवा हमले के वांछित शिवसेवक पुत्र रामपाल निवासी हन्ना विनैका को एक तमंचा व तीन कारतूस समेत दबोचा है।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दो फरवरी की रात हन्ना बिनैका गांव में शिवसेवक ने हरी प्रसाद तिवारी पुत्र रामयश तिवारी निवासी हन्ना विनैका को गाली दे रहे थे। हरी प्रसाद तिवारी ने घर का दरवाजा खोला तो शिवसेवक ने जान से मारने की गरज से उन पर फायर कर दिया। घटना की रिपोर्ट हरी प्रसाद तिवारी ने थाने में लिखाई थी।

दरोगा मेवालाल मौर्या की टीम ने शनिवार को शिवसेवक को घटना में प्रयुक्त तमंचा व तीन कारतूस समेत गिरफ्तार कर जेल भेजा है। टीम में दरोगा मेवालाल मौर्य व दीवान जुबेर अली शामिल रहे।

# हादसों को रोकने को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता जरुरी: एआरटीओ प्रदीप

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। परिव**हन विभाग ने सडक सुरक्षा माह के तहत बेडीपुलिया व बस स्टैण्ड में आयोजित कार्यक्रम के समापन पर एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार देशमणि ने कहा कि शासन की मंशानुसार एक माह से सडक सुरक्षा को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाये गये हैं। उन्होंने कहा कि हादसों को रोकने को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता जरुरी है।

शनिवार को एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार देशमणि ने कहा कि विभिन्न विद्यालयों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि सार्वजनिक स्थलों में चालक-परिचालक एवं जनसामान्य को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया, ताकि सडक हादसों में कमी आ सके। समाजसेवी केशव शिवहरे ने कहा कि सर्वाधिक मौतें सडक हादसों से हो रही हैं। युवा पीढी के लिए चिन्ता का विषय है। यातायात नियमों के अनुपालन में कोताही न बरतें। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आरके चैरिहा ने कहा कि सडक हादसों में ज्यादातर हेड इंजरी होती है। खासतौर पर दोपहिया चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। सांसद आरके सिंह पटेल के प्रतिनिधि के बतौर शिवाकान्त पाण्डेय ने कहा कि परिवहन विभाग से आयोजित कार्यक्रम से लोग जागरूक होंगे। समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय योगदान पर केशव शिवहरे, रोड सेफ्टी चैम्पियन डॉ इम्तियाज अहमद, डॉ संतोष कुमार, डीपीसी ज्ञानचन्द्र शुक्ल, यातायात प्रभारी मनोज कुमार चैधरी, टीएसआई योगेश कुमार यादव, टीपी मदन गोपाल, टीपी नौशाद खान, परिवहन निगम के चालक सूर्यप्रकाश, राजू द्विवेदी, परिचालक नमोनारायण सिंह, प्रवर्तन कार्मिक अरुण पाण्डेय, प्रवर्तन सिपाही बलराम सिंह, सुमित कुमार, अमित अहिरवार, मास्टर टेज्नर प्रवक्ता डायट राजेश उपाध्याय, अखिलेश पाण्डेय, मोहित कुमार सिंह, अबू मोहम्मद आशिफ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संचालन यात्रीकर अधीक्षक संतोष तिवारी ने किया। अतिथियों का आभार एआरटीओ प्रवर्तन विवेक शुक्ला ने जताया।



# गांवसभा की भूमि पर हो गया अवैध निर्माण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। तहसील मा**निकपुर के बगरेही गांव के गिरजेश कुमार मिश्र ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि गांव की बेशकीमती भूमि 353 राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अवैध कब्जाकर निर्माण किया जा रहा है। इस बाबत ह्यूमन राइट्स लॉ नेटवर्क के जिला संयोजक रुद्र प्रसाद मिश्र एड की शिकायत पर जांच के बाद एसडीएम ने अवैध निर्माण गिराने के आदेश दिये थे। इसके बाद भी अवैध निर्माण नहीं गिराया गया।

शनिवार को तहसील मानिकपुर के बगरेही गांव के गिरजेश कुमार मिश्र ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि प्रधान की मिलीभगत से गांव सभा की बेशकीमती भूमि 353 पर अवैध कब्जा कर मकान बनाया गया है। सन 2000 में एड रुद्र प्रसाद मिश्र की शिकायत पर जांच अधिकारी/राजस्व निरीक्षक व लेखपाल ने अवैध अतिक्रमण को रुकवाने के आदेश दिये थे। इसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई।

उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में इस भूमि पर प्रधान समेत गांव के अन्य लोगों ने अतिक्रमण कर निर्माण कर लिया है। इसका खामियाजा ग्रामीणों व खलिहान तथा रास्ते के रुप में भुगतना पड रहा है।

गिरजेश कुमार मिश्रा ने मांग किया कि सडक किनारे की अवैध अतिक्रमण कर भूमि पर निर्माण करने वाले दोषियों के खिलाफ जल्द कानूनी कार्यवाही की जाये।

# बेलरी-बराछी सम्पर्क मार्ग का करें निर्माण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रभास महासभा की राष्ट्रीय महासचिव साधना आनन्द मिश्रा की अगुवाई में जिलाध्यक्ष शेखर गुप्ता ने प्रतिनिधि मंडल के साथ सीडीओ सम्बोधित ज्ञापन जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि ग्राम पंचायत रामपुर के मजरा बेलरी के आवागमन को बेलरी-बराछी सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराया जाये।



शनिवार को प्रभास महासभा की राष्ट्रीय महासचिव साधना आनन्द मिश्रा की अगुवाई में जिलाध्यक्ष शेखर गुप्ता ने प्रतिनिधि मंडल के साथ डीडीओ आरके त्रिपाठी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि ग्राम पंचायत रामपुर के मजरा बेलरी-बराछी सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराया जाये। ज्ञापन में कहा कि रामपुर बेलरी जिले का अतिपिछडा गांव है। गांव में आज तक पक्के सम्पर्क मार्ग नहीं बने हैं। रामपुर से बेलरी को सम्पर्क मार्ग न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियां उठानी पड रही है। बारिश के दिनों में मिट्टी के बने मार्ग में बडे-बडे गड्ढे.हो जाते हैं। इससे कोई भी बडा वाहन आ-जा नहीं पाता है। गांव के नजदीक स्थित गुप्ता बांध के पानी से सम्पर्क मार्ग में बना बेलरी-बराछी सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराया जा सकता है। जिसकी दूरी लगभग सम्पर्क मार्ग के बराबर है। मिट्टी का मार्ग बना हुआ है। बेलरी के ग्रामीणों को राहत दिलाने की गरज से मार्ग निर्माण जरूरी है।

प्रतिनिधि मंडल में जिला उपाध्यक्ष आकाश सैनी, महासचिव विष्णु कुमार, समाजसेवी रोहित कश्यप, छात्र मोर्चा जिलाध्यक्ष आयुष प्रताप सिंह, जिला सचिव सरजो प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष बबलूराम, जिला प्रचारक आशीष पटेल आदि शामिल रहे।

# एसपी की मेहनत से 75 जिलों में चित्रकूट को मिला पहला स्थान

## जनसुनवाई के मामलों का गुणवत्तापूर्ण हुआ निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। जनसुनवाई** पोर्टल पर जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण की रिपोर्ट की समीक्षा शासन स्तर से करने पर सूबे के 75 जिलों में चित्रकूट को अव्वल स्थान मिला है। जनवरी-जुलाई 2023 में जनसुनवाई पोर्टल में गुणवत्तापरक निस्तारण किया गया है।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की अगुवाई में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, नोडल अधिकारी आईजीआरएस/निरीक्षक प्रदीप कुमार यादव, प्रभारी आईजीआरएस ने उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशों का पालन करते हुए कडी मेहनत की है। माह में मुख्यमंत्री सन्दर्भ के 51, आनलाइन सन्दर्भ के 13, जिलाधिकारी/ जनसेवा केन्द्र/लोकवाणी के 27, बीजी पोर्टल के 24, सम्पूर्ण समाधान दिवस/थाना दिवस के 41, पुलिस अधीक्षक मुलाकाती 303, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 22 कुल 481 मामले मिले। जिला पुलिस ने सभी मामलों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया।



आईजीआरएस शाखा में नियुक्त दरोगा रवीन्द्र कटियार, सिपाही मानवेन्द्र सिंह, महिला सिपाही अनीशा बानो ने जिले के सभी थानों/क्षेत्राधिकारी कार्यालयों में पुलिस कर्मियों ने कडी मेहनत कर सभी मामलों की आनलाइन फीडिंग की। प्राप्त मामलों के निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

# तावडू बीडीपीओ कार्यालय में जल्द शुरू होगा अस्थाई न्यायिक परिसर

**तावडू। खंड** पंचायत विकास कार्यालय में अब में जल्द अस्थायी रूप से न्यायिक परिसर की शुरूआत होगी। शनिवार को हरियाणा पंजाब हाई कोर्ट के जज संदीप मुदगिल ने तावडू खंड पंचायत एवं विकास कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे।जहां पर अधिवक्ताओं ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।

इस मौके पर उनके साथ जिला उपायुक्त अजय कुमार,उपमंडल अधिकारी सिद्धार्थ दहिया सहित तहसीलदार शालिनी लाठर सहित अन्य अधिकारियों को अस्थायी तौर पर न्यायिक परिसर का जल्द संचालन करने से संबंधित जरूरी दिशा निर्देश दिए।

इसके उन्होंने ग्राम पंचायत गुढी में प्रस्तावित मिनी सचिवालय व न्यायिक परिसर भूमि का निरीक्षण किया। इधर हाई कोर्ट जज ने जिला उपायुक्त व उपमंडल अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ भूमि में निर्माण कार्य से संबंधित जरूरी मापदंडों को लेकर विस्तारित चर्चा की।अंत मे अधिवक्ताओं से रूबरू होते हुए कहा कि ग्राम पंचायत गुढी और झामुवास में न्यायिक परिसर और मिनी सचिवालय के लिए करीब 11 एकड़ से अधिक भूमि पहले से ही चिन्हित है।इनके निर्माण कार्य की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होगी। यह प्रक्रिया पूरा होने तक तावडू पंचायत कार्यालय में ही अस्थायी न्यायिक परिसर का संचालन होगा। इस दौरान सेशन जज संदीप गर्ग भी उनके साथ मौजूद रहे। अधिवक्ता रमजान चौधरी ,नरेंद्र टोकस, ताहिर,यूनुस,मुबारिक,गगन नागपाल,कमल।

# मोदी की अगुवाई में बन रहा समर्थ भारत: देवेश कोरी

## भाजपा जिला कार्य समिति की हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। भाजपा** जिला कार्य समिति की बैठक जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता व बतौर मुख्य अतिथि/प्रदेश मंत्री/जिला प्रभारी देवेश कोरी आदि की मौजूदगी में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि देवेश कोरी ने कहा कि मोदी की अगुवाई में भारत वैश्विक पटल पर देश का मान बढ रहा है।

शनिवार को मऊ कस्बे के कृष्णा गार्डन में हुई भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक में प्रदेश मंत्री देवेश कोरी ने कहा कि भारत आज विश्व में मोदी की अगुवाई में समर्थ भारत बन गया है। मोदी ने इकोनामिक इन्क्लूजन, एजुकेशनल चेन्ज, स्वास्थ्य की आत्मनिर्भरता की दिशा सुनिश्चित की है। संगमलाल ने कहा कि भाजपा ने सभी वर्गों, सभी जातियों को आगे बढाने का काम किया है। महिलाओं को मजबूत कर निर्णय में सहभागी बनाने का मौका मोदी ने दिया है। जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने प्रस्तावना रखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनसंवाद कर-के भाजपा कार्यकर्ता समाज, राष्ट्र व संगठन को मजबूत कर रहे हैं। सांसद आरके सिंह पटेल ने बजट पर कहा कि ये बजट आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहयोग करेगा। पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला ने कहा कि भाजपा के मूल कार्यकर्ता सरकार के ब्रांड एम्बेसडर हैं।




जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि हमे संगठित रहना होगा। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि आज भाजपा का विस्तार हर जगह हो रहा है। कोआपरेटिव बैंक के चेयरमैन बद्रीविशाल त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हित में काम कर रही है। राजनीतिक प्रस्ताव रखते हुए लवकुश चतुर्वेर्दी ने कहा कि भाजपा सरकार ने आधारभूत संरचनात्मक विकास किया है। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने राजनीतिक प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार जनआकांक्षाओं को पूरा करने को संकल्पित हैं। बैठक के पहले सत्र का संचालन महामंत्री राजेश जायसवाल, दूसरे सत्र का संचालन राघवेन्द्र सिंह ने किया। राजनीतिक प्रस्ताव का अनुमोदन अश्वनी अवस्थी ने किया। कार्य समिति के समापन में मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र ने सभी का आभार जताया। कार्य समिति में भोले सिंह, अनिल मिश्रा, महेश पाण्डेय, पंकज अग्रवाल, बृजेश पाण्डेय, आनन्द पटेल, हरीओम करवरिया, अंजू वर्मा, युद्धिष्ठर सिंह, राजीव त्रिपाठी, मनोज तिवारी, रामबाबू गुप्ता, प्रेमलाल बाल्मीकि, श्रवण पटेल, राजेश्वरी द्विवेदी, धीरेन्द्र सेंगर, जानकीशरण तिवारी, विनोद पाण्डेय, अभिषेक ओझा, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, दिनेश तिवारी समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विदेश संदेश

## अबू धाबी में एयर इंडिया के विमान में लगी आग, आपात लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

**अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात)।** एयर इंडिया एक्सप्रेस की अबू धाबी से भारत (केरल के कालीकट) जा रहे विमान की वापस अबू धाबी हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग कराई गई। विमान के



इंजन में आग लगने के बाद उसे सुरक्षित उतारा गया। इस विमान में 184 लोग थे। एयर इंडिया एक्सप्रेस के भारत स्थित एक अधिकारी ने नई दिल्ली में बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। इस अधिकारी के मुताबिक अबू धाबी से भारत आ रहे विमान (आईएक्स 348) में 184 यात्री सवार थे। इंजन में तकनीकी खराबी आने के विमान में आग की लपटें उठने लगीं। पायलट ने लपटों को देखते ही विमान की अबू धाबी में इमरजेंसी लैंडिंग कराई। अचानक तकनीकी खराबी और आग लगने की वजह की जांच की जा रही है।

## भारत विरोधी डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद इल्हान उमर विदेशी मामलों की समिति से हटाई गई

**वाशिंगटन।** डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद इल्हान उमर को रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों की बहुमत वाली प्रतिनिधि सभा ने मतदान के जरिए शक्तिशाली विदेशी मामलों की समिति से बाहर कर दिया। इस कदम की व्हाइट हाउस ने निंदा की है। 40 वर्षीय इल्हान उमर पिछले कुछ वर्षों से सदन के अंदर और बाहर भारत विरोधी अभियान में शामिल रही हैं। वह इजरायल और यहूदी गुट की भी तीखी आलोचक रही हैं। सदन ने 211 मतों के मुकाबले 218 मतों से विदेश मामलों की समिति से उन्हें बाहर कर दिया। उमर अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में तीसरी मुस्लिम सांसद हैं। वह मिनेसोटा के पांचवें कांग्रेशनल जिले का प्रतिनिधित्व करती हैं।

प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैककार्थी ने मतदान के बाद कहा-' जब विदेशी मामलों की बात आती है तो हमें लगता है कि उन्हें (इल्हान उमर ) काम नहीं करना चाहिए।' मैक्कार्थी ने कहा- ' कांग्रेस के हर एक सदस्य की इस पर बात गौर करना जिम्मेदारी बनती है कि वह खुद को कैसे पेश करते हैं।' व्हाइट हाउस ने इस कदम को 'अन्यायपूर्ण' बताया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा है-' हमें लगता है कि यह एक राजनीतिक चाल है। हाल के हफ्तों में प्रमुख समितियों से अन्य प्रमुख डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों को प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों द्वारा अन्यायपूर्ण तरीके से हटाया गया। यह अमेरिका के लोगों का अपमान है।' ज्यां-पियरे ने कहा-' हमारा मानना है कि सांसद उमर कांग्रेस की सम्मानित सदस्य हैं। उन्होंने पहले की गई अपनी टिप्पणियों के लिए माफी भी मांगी है।'

## म्यांमार के 37 शहरों में मार्शल लॉ

**यंगून।** पूर्व एशियाई देश म्यांमार की राज्य प्रशासन परिषद ने रात दक्षिण के चार क्षेत्रों के 37 शहरों और चार राज्यों में मार्शल लॉ लागू कर दिया। यह शहर सागिंग क्षेत्र के हैं। परिषद ने कहा है कि सैन्य कमांड के कमांडरों को सुरक्षा करने, कानून का शासन और शांति बनाए रखने के लिए प्रशासनिक और न्यायिक शक्ति दी गई है। यह कदम देश में आपातकाल की स्थिति को छह महीने के लिए बढ़ाए जाने के एक दिन उठाया गया है।

## अमेरिकी खुफिया चीफ का दावा- 2027 तक ताइवान पर हमला कर सकता है चीन

**वाशिंगटन।**अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए के डायरेक्टर विलियम बर्न्स ने कहा है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की ताइवान से संबंधित महत्वकांक्षा को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस बात को जानता है और खुफिया जानकारी से पता भी चला है कि शी जिनपिंग ने अपनी सेना को 2027 तक ताइवान पर हमले का आदेश भी दिया हुआ है। अमेरिकी खुफिया चीफ ने कहा कि इसका मतलब ये नहीं है कि शी जिनपिंग ने 2027 में ही हमले की योजना बनाई है। यह किसी और साल भी हो सकता है लेकिन हमें यह याद रखना चाहिए कि शी जिनपिंग पूरी गंभीरता से इस पर फोकस बनाए हुए हैं।

# फिर बढ़ी रार: अमेरिकी आकाश में दिखा चीन का विशाल जासूसी गुब्बारा

**-अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने कहा, तीन बसों के बराबर बड़ा है गुब्बारे का आकार**

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच विवाद एक बार फिर बढ़ता नजर आ रहा है। अब अमेरिकी आकाश में चीन का एक विशाल जासूसी गुब्बारा दिखने से तनाव उत्पन्न हुआ है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि गुब्बारे का आकार चीन बसों के बराबर बड़ा है।

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने बताया कि अमेरिकी सरकार ने आसमान में ऊंचाई पर उड़ते एक गुब्बारे का पता लगाया है, जो कि अभी अमेरिकी उपमहाद्वीप के ऊपर उड़ रहा है। नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड लगातार इस गुब्बारे को ट्रैक कर रहा है और इस पर नजर बनाए हुए है। पेंटागन की ओर से दावा किया गया है कि अमेरिकी सेना को जैसे ही चीन



के इस जासूसी गुब्बारे के बारे में पता चला तो सेना की ओर से तुरंत संवेदनशील डाटा को सुरक्षित किया गया। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जासूसी गुब्बारा अमेरिका से जुड़ी कोई जानकारी जुटा न सके। वैसे माना जा रहा है कि इस जासूसी गुब्बारे में सैन्य तौर पर खतरे जैसी कोई बात नहीं है। अमेरिकी आकाश पर इस गुब्बारे के नजर आने की टाइमिंग पर जरूर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन जल्द ही चीन का दौरा करने वाले हैं। इस बीच अमेरिकी सेना के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मार्क माइली और नॉर्दर्न कमांड के जनरल ग्लेन वानहर्क ने गुब्बारे को नहीं गिराने का निर्देश दिया है। आशंका है कि इसे गिराने से लोगों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है। फिलहाल इस गुब्बारे पर नजर रखी जा रही है।

बताया गया कि एक दिन पूर्व चीन का यह जासूसी गुब्बारा मोंटाना इलाके के ऊपर उड़ता दिखा था। इसी क्षेत्र में एयरफोर्स बेस पर अमेरिका के तीन न्यूक्लियर मिसाइल तैनात हैं। यह जासूसी गुब्बारा नागरिक हवाई उड़ानों की सीमा के ऊपर उड़ रहा है। हालांकि अमेरिका की ओर से यह नहीं बताया गया है कि यह गुब्बारा कितनी ऊंचाई पर उड़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को इसके बारे में जानकारी दे दी गई है।

## आईएमएफ ने पाकिस्तान सरकार को बिजली की दरों में बढ़ोतरी करने के दिए निर्देश

**इस्लामाबाद।** आर्थिक बदहाली के दौर से गुजर रहे पाकिस्तान के संशोधित कर्ज प्रबंधन योजना को खारिज करते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बिजली की दरों में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए है। आईएमएफ ने इससे पहले भी कर्ज लेने और उसके चुकाने के पाकिस्तानी तरीके को गलत बताया था। अंतरराष्ट्रीय संगठन ने कहा कि पाकिस्तान बिजली बिल में छूट की सुविधा को खत्म करने के साथ ही बिजली मूल्य में भी बढ़ोतरी प्रति यूनिट 12.50 रुपये तक करे। इन दोनों तरीकों से सरकार को 335 अरब रुपये का लाभ होगा।

आइएमएफ के अधिकारियों का दल पाकिस्तान आकर सोमवार से आर्थिक स्थिति की समीक्षा कर रहा है। यह दल पाकिस्तान को दिए जाने वाले सात अरब डालर के कर्ज में से 1.18 अरब डालर की पहली किस्त देने से पहले स्थितियों का आकलन कर रहा है। समीक्षा के इसी दौर में आइएमएफ ने पाकिस्तान सरकार से ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक सुधार करने के लिए कहा है। पाकिस्तान में इस समय बिजली का मूल्य सात रुपये प्रति यूनिट है। आइएमएफ ने इसे बढ़ाकर 11 रुपये से 12.50 रुपये प्रति यूनिट करने के लिए कहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 के अंत तक पाकिस्तान पर कुल 2,113 अरब रुपये का कर्ज हो जाएगा। आइएमएफ इस कर्ज को बढ़ने से रोकने के लिए पाकिस्तान सरकार से कड़े फैसले लेने के कह रहा है। आयात के लिए नकदी की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए आइएमएफ की बात मानने के अलावा कोई रास्ता नहीं है।

# पाक में आईएसआई के खिलाफ पुलिस का मोर्चा:धमाके में सेना की भूमिका पर संदेह बढ़ा, 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की मौत पर गुस्सा भड़का

**पेशावर।** पाकिस्तान के पेशावर में हुए आतंकी हमले के बाद सेना की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे थे। इस बीच, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की पुलिस ने खुफिया एजेंसी ISI के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। खैबर पुलिस के जवानों ने ISI के खिलाफ नारेबाजी की और गुनहगारों पर कार्रवाई की मांग की है।

खैबर पख्तूनख्वा में ऐसा पहली बार हुआ है, जब वर्दी पहने और हथियार लिए दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी पेशावर प्रेस क्लब के बाहर जमा हुए और प्रदर्शन किया। ऐसा प्रदर्शन खैबर के कई जिलों में हुआ।

**धमाके में हो सकती है ISI की भूमिका**

दरअसल, पेशावर पुलिस हेडक्वार्टर में स्थित मस्जिद पर हुए धमाके में 100 से अधिक पुलिस वालों की जान चली गई थी। हमले के पीछे ISI का हाथ बताया जा रहा है। इसी के बाद गुस्साए पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शन किया। इस बीच,



पाकिस्तान सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया है प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हिंसा के लिए इमरान शासन पर दोष मढ़ा और प्रधानमंत्री रहते तालिबानी आतंकियों की मदद करने और उनसे बातचीत का आरोप लगाया है। वहीं इमरान खान ने आरोप लगाया कि सरकार आतंकवाद के नाम पर आम चुनाव टालना चाहती है।

**'धमाके के लिए आतंकियों के दोस्त फैज जिम्मेदार'**

मानवाधिकार संगठनों के बाद सत्ताधारी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने हमले के लिए पूर्व ढ्रस्ढ्ढ प्रमुख जनरल फैज हामिद को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होने कहा- जनरल हामिद को इमरान आंख, हाथ और कान कहते थे। तब उन्होंने आतंकियों (अफगानिस्तान से) के लिए दरवाजे क्यों खोले? कट्टर आतंकियों को रिहा क्यों किया?

**300 सीनियर-1 लाख जूनियर पुलिस अधिकारी देंगे इस्तीफा**

खैबर पख्तूनख्वा पुलिस का मेमो सार्वजनिक हुआ है। इसमें कहा गया है कि यदि मस्जिद पर हमले की सही तरीके से जांच नहीं की गई और दोषियों को सजा नहीं दी गई तो 300 से अधिक सीनियर पुलिस अधिकारी इस्तीफा दे देंगे। इनके साथ जूनियर रैंक के 1 लाख जवानों ने भी इस्तीफा देने की धमकी दी है।

**पुलिस वर्दी में आया था आत्मघाती हमलावर**

खैबर पख्तूनख्वा पुलिस को आत्मघाती हमले को लेकर बड़ी जानकारी हाथ लगी है। पुलिस प्रमुख ने बताया कि हमलावर पुलिस की वर्दी में घुसा था। हमले में 10 से 12 किलो टीएनटी इस्तेमाल किए जाने की आशंका है।

**पूर्व गृह मंत्री रशीद गिरफ्तार, फवाद को मिली बेल**

पूर्व गृह मंत्री और इमरान के करीबी शेख रशीद को गिरफ्तार किया गया है। इसे पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी पर इमरान की हत्या की साजिश के आरोप से जोड़ा जा रहा है। इससे पहले पूर्व मंत्री फवाद चौधरी को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें जमानत मिल चुकी है।

## प्राइवेट आर्मी को फंड देकर दिवालिया हो रहा यूक्रेन: रूस से लड़ रही निजी सेना के लड़ाकों पर घोटाले का आरोप, देश विरोधी टिप्पणियां भी कीं

**पेशावर।** यूक्रेनी सैनिकों को प्रशिक्षण देने और उनकी मदद के लिए भेजे गए अमेरिकी वैगनर ग्रुप मोजार्ट समूह पर घोटाले और यूक्रेन की लीडरशिप के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगा है। इस संबंध में अमेरिका के पूर्व मरीन और मोजार्ट के लीडर एंड्रयू मिलबर्न ने कंपनी के फंड को डायवर्ट कर दिया। वहीं, यूक्रेन के लीडर्स के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी भी की।

मिलबर्न ने बताया कि यूक्रेन पर टिप्पणी करने के दौरान वे नशे में थे। हालांकि, वित्तीय अनियमितताओं के बारे में अधिकांश आरोपों को उन्होंने निराधार बताया। उन्होंने बताया कि मार्च से मोजार्ट के लड़ाके यूक्रेन



में रूसी सेना का डटकर मुकाबला कर रहे है। वहां सेना को प्रशिक्षण दिया, नागरिकों को जंग के लिए तैयार किया और यूक्रेनी सेना के साथ फ्रंट लाइन में खड़े रहे। लेकिन यूक्रेन के लीडर्स ने भुगतान नहीं किया। मोजार्ट को फंड उपलब्ध कराने वाले एक छोटे से पूल पर निर्भर छोड़ दिया। जिसमें ईस्ट कोस्ट फाइनेंसरों का एक समूह और एक टेक्सास टाइकून शामिल था। मोजार्ट के अन्य लोगों ने भी बताया कि सभी लड़ाके रूस के निशाने पर है। मोजार्ट को एक व्यवसाय की तरह चलाना होता है, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। सैकड़ों नहीं तो हजारों विदेशी दिग्गज और स्वयंसेवक यूक्रेन से होकर गुजरे हैं। उनमें से कई नशेड़ी भी रहे हैं। नागरिकों को बचाया और 9 करोड़ रुपए से अधिक जुटाए, लेकिन फिर पैसे खत्म होने लगे है और पर्याप्त फंड नहीं दिया गया।मोजार्ट को सितंबर से फंड मिलना बंद हो गया था। तब एलाइड एक्सट्रैक्ट चैरिटी ग्रुप ने कम खर्च पर नागरिकों को बचाने का फैसला किया। नवंबर तक मोजार्ट के पास नकदी की इतनी कमी थी कि एक दिन की सैलरी नहीं निकल पा रही थी। खर्च चलना मुश्किल हो गया।

## संकट में साथ आई राजनीतिक पार्टियां, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इमरान खान को भेजा न्योता

**पेशावर।** गंभीर आर्थिक संकट और आतंकवाद से जूझ रहे पाकिस्तान में सरकार ने सभी पार्टियों की बैठक बुलाई है। खास बात ये है कि इस बैठक में शामिल होने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भी न्योता भेजा है। यह बैठक आगामी 7 फरवरी को इस्लामाबाद में होनी है। यह न्योता ऐसे समय भेजा गया है, जब पाकिस्तान के सत्ताधारी गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट और पीटीआई में ठनी हुई है। हाल के दिनों में पूर्व की पीटीआई सरकार के कई नेताओं की गिरफ्तारियां हुई हैं। जिनमें पूर्व मंत्री फवाद चौधरी और शेख रशीद भी शामिल हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, इस बैठक में आर्थिक चुनौतियों और राजनीतिक संकट से उबरने पर चर्चा हो सकती है। पाकिस्तान सरकार की सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक पार्टियों को बैठक में बुलाया है ताकि सभी लोग मिलकर राष्ट्रहित के मुद्दों और चुनौतियों का हल निकाल सकें। पाकिस्तान में आज एपेक्स कमेटी की बैठक भी होनी है, जिसमें भी शामिल होने के लिए पीटीआई के वरिष्ठ नेताओं और नेशनल असेंबली के पूर्व स्पीकर असर कैसर और पूर्व रक्षा मंत्री परवेज खट्टक को भी न्योता भेजा गया है।

## ब्रिटेन में हुआ दशक का सबसे बड़ा प्रदर्शन :सुनक सरकार के खिलाफ 5 लाख से ज्यादा लोग सड़कों पर उतरे, वेतन बढ़ाने की मांग की

**इस्लामाबाद।** ब्रिटेन में 5 लाख से ज्यादा लोगों ने लंदन की सड़कों पर उतर ऋषि सुनक की सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसे ब्रिटेन का पिछले एक दशक का सबसे बड़ा प्रदर्शन बताया जा रहा है। विरोध करने वाले लोगों में सबसे ज्यादा टीचर्स, सिविल सरवेंट और ट्रेन के ड्राइवर्स रहे, जो अपना काम छोड़कर हड़ताल पर चले गए। इन लोगों ने सरकार से वेतन बढ़ाने और महंगाई को कंट्रोल में करने की मांग की है।

रहेः नेशनल एजुकेशन यूनियन ने बताया कि टीचर्स की हड़ताल




इतनी बड़ी थी कि इसका असर 23 हजार स्कूलों पर रहा। वहीं ब्रिटेन में ट्रेन ड्राइवर्स के काम पर नहीं जाने से वहां? ज्यादातर ट्रेनें बंद रहीं। हड़ताल में शामिल एक 33 साल के टीचर निक होन ने बताया कि जिस हिसाब से ब्रिटेन में महंगाई बढ़ी है इससे खर्चा पूरा करने में उनकी सैलरी कम पड़ रही है। 10 घंटे काम करने के बाद भी लोगों को पास्ता खाकर दिन गुजारना पड़ रहा है। इंस्टीट्यूट फॉर फिस्कल स्टडीज के मुताबिक वहां साल 2010 से 2022 के बीच में टीचर्स के वेतन में 9 से 10फीसदी की कमी दर्ज की गई है।

**अखबारों ने प्रदर्शन को 'लॉकडाउन 2023' कहा**

ब्रिटेन के कई बड़े अखबारों ने हुई हड़ताल को 'लॉकडाउन 2023' तो किसी ने इसे 'वॉकआउट वेडनेसडे' नाम दिया। प्रदर्शन की तुलना ब्रिटेन में साल 1978-79 में हुई हड़ताल से की गई, जिसे वहां विंटर ऑफ डिस्कंटेंट यानी सर्दियों के असंतोष के नाम से भी जाना जाता है।

युनिवर्सिटी ऑफ कैमब्रिज की प्रोफेसर कैथरीन बर्नार्ड ने द वॉशिंगटन पोस्ट को बताया कि हड़ताल करने के मामले में ब्रिटेन में काफी सख्त कानून हैं कोई भी इतनी आसानी से इतनी ज्यादा तादाद में सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन नहीं कर सकता है। फिर भी अगर 5 लाख से ज्यादा लोग अपने घरों से निकले हैं तो मामला गंभीर है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा था, 'अगर संभव होता तो मैं एक जादू की छड़ी घुमाकर आपकी परेशानियां दूर कर देता, लेकिन यह नहीं हो सकता है।'

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# पेशावर विस्फोट: मरियम ने इमरान के करीबी पूर्व आईएसआई प्रमुख पर लगाए गंभीर आरोप

**- मस्जिद में हुए आतंकी हमले में मरने वालों की संख्या 101 पहुंची**
**- धमाके में इस्तेमाल हुआ 10 किलो से अधिक विस्फोटक टीएनटी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पेशावर की मस्जिद में हुए आतंकी हमले में मरने वालों की संख्या 101 तक पहुंच गयी है। हमले को लेकर पाकिस्तान में आंतरिक राजनीति भी तेज हो गयी है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की भतीजी एवं पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) की नेता मरियम नवाज शरीफ ने पेशावर विस्फोट के मसले पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी पूर्व आईएसआई प्रमुख पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

पाकिस्तान में अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर में पुलिस लाइंस इलाके की एक मस्जिद में सोमवार को नमाज के ठीक बाद दोपहर 1.40 बजे एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ाकर धमाका कर दिया था। इस धमाके की आवाज दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी थी। पेशावर पुलिस लाइंस में मौजूद लोगों के मुताबिक विस्फोट के बाद आसमान में धूल और धुएं का गुबार छा गया। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक आत्मघाती हमलावर मस्जिद में नमाज के दौरान सबसे आगे की लाइन में था। नमाज पढ़ने के बाद उसने स्वयं को उड़ा लिया। घटना के बाद चारों ओर शव पड़े दिखे। इस हमले की जिम्मेदारी



तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने ली है। टीटीपी के मारे गए कमांडर उमर खालिद खुरासानी के भाई ने दावा किया कि आत्मघाती हमला उसके भाई की मौत का बदला लेने के लिए किया गया, जो पिछले साल अगस्त में अफगानिस्तान में मारा गया था। पाकिस्तानी तालिबान के नाम से जाने वाले टीटीपी ने इससे पहले भी पाकिस्तान में सुरक्षा बलों को निशाना बनाते हुए कई आत्मघाती हमले किए हैं।

अब इस विस्फोट के मामले में पुलिस ने बताया है कि हमलावर पुलिस की वर्दी में मस्जिद में आया था। अब तक हादसे में 101 लोगों की मौत हो चुकी है और दो सौ से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मृतकों में अधिकतकर पुलिसकर्मी हैं। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस चीफ मोअज्जम जाह अंसारी ने बताया कि हमलावर आत्मघाती था और एक सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि वह पुलिस की वर्दी पहने हुए था। उसने मास्क एवं हेलमेट भी लगाया हुआ था। हमलावर का सिर बरामद हो गया है। साथ ही एक बॉल बीयरिंग भी बरामद हुआ है, जो सुसाइड जैकेट में इस्तेमाल किया जाता है। पुलिस ने बताया कि हमलावर जिस मोटरसाइकिल से आया था, उसका पता चल गया है। विस्फोट के लिए 10 किलो से अधिक विस्फोटक, टीएनटी इस्तेमाल किया गया था। जिसकी वजह से धमाका इतना तेज हुआ कि मस्जिद की छत और दीवारें भी गिर गईं। इस कारण ही मरने वालों की संख्या इतनी ज्यादा पहुंच गई।

पेशावर बम विस्फोट को लेकर पाकिस्तान में आंतरिक राजनीति भी शुरू हो गयी है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज ने पूर्व आईएसआई चीफ जनरल फैज हामिद पर गंभीर आरोप लगाए और उन्हें पेशावर हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया। मरियम नवाज ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी जनरल फैज हामिद पेशावर में बतौर आर्मी कमांडर तैनात थे और उन्होंने ही आतंकवादियों के लिए रास्ते खोले। मरयम नवाज ने कहा कि वह इमरान खान के आंख, हाथ और कान होते थे, अगर वह पाकिस्तान के हाथ, कान और आंखें होते तो आज हालात अलग होते। मरियम नवाज ने सवाल उठाये कि फैज हामिद ने क्यों कहा कि आतंकवादी हमारे भाई हैं और उन्हें पाकिस्तान आने का न्योता दिया। क्यों उन्होंने खूंखार आतंकियों को जेल से रिहा किया?

## कराची की अहमदी मस्जिद पर हमला, टीएलपी समर्थकों की भीड़ ने की तोड़फोड़

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से घिरा हुआ है। इसके बावजूद हमारे पड़ोसी देश में धार्मिक कट्टरता अपने चरम पर है। बता दें कि एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कुछ लोग पाकिस्तान के कराची शहर में एक मस्जिद की मीनारों को सरेआम तोड़ते नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तोड़फोड़ करने वाले लोग तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान के सदस्य हैं और जिस मस्जिद की मीनारों को तोड़ा जा रहा है, वह एक अहमदी मस्जिद है। बता दें कि अहमदिया मुस्लिम, पाकिस्तान का एक अल्पसंख्यक समाज है और पाकिस्तान में उन्हें दूसरे दर्जे का नागरिक माना जाता है। बहुत से अहमदिया मुसलमानों को ईशनिंदा के झूठे आरोपों में मौत की सजा भी दी जा चुकी है। पाकिस्तान का धार्मिक संगठन तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान खास तौर पर अहमदिया मुसलमानों के खिलाफ मुखर रहता है। बीते साल अक्टूबर में तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान के एक मौलवी के बयान ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। अपने बयान में मौलवी ने अहमदिया समुदाय की गर्भवती महिलाओं पर हमला करने का निर्देश दिया था। मौलवी ने ऐसा इसलिए कहा था ताकि कोई अहमदिया पैदा ही ना हो सके। टीएलपी के मौललवी मोहम्मद नईम चट्ठा का यह वीडियो खूब वायरल हुआ था।